卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्।
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये।

केंद्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 133 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर ( ऊधमसिंहनगर ) ♦बुधवार ♦18 फरवरी 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# खेलों में उत्तराखण्ड गढ़ रहा सफलता के नए आयाम: धामी

## 'मुख्यमंत्री चैम्पियनशिप ट्रॉफी' का भव्य समापन, मुख्यमंत्री ने विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित





देहरादून (उद संवाददाता)। राजधानी देहरादून में आयोजित 'मुख्यमंत्री चैम्पियनशिप ट्रॉफी' का भव्य समापन समारोह उत्साह और उमंग के बीच संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शिरकत कर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया और राज्य की खेल प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि वर्तमान सरकार के प्रयासों से उत्तराखण्ड में खेल और खिलाड़ियों को एक नई और विशिष्ट पहचान मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए एक क्रांतिकारी 'नई खेल नीति' लागू की गई है, जिसके सकारात्मक परिणाम अब धरातल पर दिखने लगे हैं। सीएम धामी ने कहा कि आज का दिन हमारे राज्य के खेल इतिहास में एक मील का पत्थर है। हमने संकल्प लिया था कि हम उत्तराखण्ड को खेलों के मानचित्र पर अग्रणी बनाएंगे और आज आप सबकी मेहनत से वह संकल्प साकार होता दिख रहा है। हमारी सरकार ने खिलाड़ियों के संघर्ष को समझा है। पहले खिलाड़ियों के पास प्रतिभा तो थी, लेकिन उचित मंच और भविष्य की सुरक्षा का अभाव था। हमारी सरकार ने प्रदेश में नई खेल नीति लागू की है, जो खिलाड़ियों को बचपन से ही निखारने का काम कर रही है। हमने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए पदक विजेता खिलाड़ियों के लिए आउट ऑफ टर्न सरकारी नौकरी की व्यवस्था की है। अब हमारे खिलाड़ियों को इस बात की चिंता करने की जरूरत नहीं है कि खेल के बाद उनका भविष्य क्या होगा। आप मैदान पर पसीना बहाइये, आपके भविष्य की चिंता हमारी सरकार करेगी। हमने केवल नीतियां ही नहीं बनाईं, बल्कि धरातल पर खेल इंफ्रास्ट्रक्चर का सुनियोजित विकास किया है। आज प्रदेश के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में भी मिनी स्टेडियम और खेल मैदानों का निर्माण किया जा रहा है ताकि गांव की प्रतिभा को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं मिल सकें। सीएम धामी ने कहा मुझे यह बताते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि आगामी राष्ट्रीय खेलों में हमने मलखंब जैसे पारंपरिक खेल को भी शामिल किया है। यह हमारी मिट्टी से जुड़ा खेल है। (शेष पृष्ठ सात पर)

# राजस्व गांव के लिए महारैली में उमड़ा जनसैलाब



लालकुआं (उद संवाददाता)। दशकों पुरानी मांग को लेकर बिंदुखत्ता के ग्रामीणों के सब्र का बांध बुधवार को टूट गया। बिंदुखत्ता को राजस्व गांव का दर्जा दिलाने के लिए गठित संघर्ष समिति के आह्वान पर आज हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने एक विशाल महारैली का आयोजन किया। जनता इंटर कॉलेज जड़ सेक्टर के मैदान में आयोजित इस महारैली में जनशक्ति का ऐसा नजारा दिखा कि चप्पे-चप्पे पर केवल आंदोलनकारी ही नजर आए। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि अब यह लड़ाई रुकने वाली नहीं है और जब तक राजस्व गांव का हक नहीं मिलता, आंदोलन जारी रहेगा। बुधवार सुबह 10 बजे से ही बिंदुखत्ता के विभिन्न सेक्टरों से लोगों का हुजूम रैली स्थल की ओर उमड़ने लगा। ग्रामीण अपने निजी वाहनों, कारों और विशेषकर सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में सवार होकर गगनभेदी नारों के साथ आयोजन स्थल पर पहुँचे। दोपहर होते-होते जनसभा स्थल पूरी तरह भर गया और हजारों लोगों की मौजूदगी ने सरकार के खिलाफ अपने आक्रोश का प्रदर्शन किया। महासभा के मंच से क्रांतिकारी गीतों की गूंज सुनाई दी और 'भारत माता की जय' के उद्घोष के साथ वक्ताओं ने अपनी जायज मांग को लेकर हुंकार भरी। वक्ताओं ने कहा कि बिंदुखत्ता के लोग वर्षों से मूलभूत अधिकारों और भूमि के मालिकाना हक के लिए तरस रहे हैं, लेकिन सरकारें केवल आश्वासन देकर उन्हें ठगती रही हैं। महासभा में वक्ताओं ने दो टूक कहा कि बिंदुखत्ता को राजस्व ग्राम बनाना अब केवल मांग नहीं, बल्कि सम्मान की लड़ाई बन गई है। समाचार लिखे जाने तक जनसभा के बाद लालकुआं शहर में एक विशाल जुलूस निकालने और उसके पश्चात तहसील मुख्यालय पर धरना- प्रदर्शन करने की (शेष पृष्ठ सात पर)

# बिजली चोरी पकड़ने गई विजिलेंस टीम पर हमला

हरिद्वार (उद संवाददाता)। जनपद के पथरी क्षेत्र अंतर्गत बहादुरपुर जट गांव में बिजली चोरी के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंची विजिलेंस टीम पर स्थानीय लोगों ने अचानक हमला बोल दिया। इस हिंसक घटना से पूरे इलाके में भारी तनाव फैल गया, जिसके बाद स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल और पीएसी को तैनात करना पड़ा। विजिलेंस कर्मचारियों ने किसी तरह भागकर गुस्साई भीड़ से अपनी जान बचाई।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, बिजली विभाग को पिछले काफी समय से बहादुरपुर जट गांव में बड़े पैमाने पर बिजली चोरी की शिकायतें मिल (शेष पृष्ठ सात पर)

# बेकाबू ट्रक कार पर पलटा, दोनों वाहनों में लगी भीषण आग



देहरादून। राजधानी के पटेल नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मोहब्बेवाला चौक पर बुधवार तड़के एक बड़ा हादसा हो गया। राजस्थान से टाइल्स लेकर आ रहा एक अनियंत्रित ट्रक सड़क किनारे खड़ी ब्रेजा कार के ऊपर पलट गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पलटते ही दोनों वाहनों में भीषण आग लग गई और देखते ही देखते ट्रक व कार धू-धू कर जलने लगे। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया और आग की ऊंची लपटें देखकर स्थानीय लोग दहशत में आ गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रक चालक राजस्थान से टाइल्स की खेप लेकर देहरादून आ रहा था। आशारोड़ी से आगे ढलान होने के कारण ट्रक की रफ्तार अनियंत्रित हो गई। चालक ने वाहन पर काबू पाने की काफी कोशिश की, लेकिन ट्रक बेकाबू होकर मोहब्बेवाला में एक होटल के सामने खड़ी कार से जा टकराया और उसके ऊपर पलट गया। गनीमत यह रही कि आग विकराल रूप लेती, उससे पहले ही ट्रक चालक केबिन से बाहर कूद गया, जिससे उसकी जान बच गई। हालांकि, गिरने के कारण उसे गंभीर गुम चोटें आई हैं और वह बेहोश हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही कोतवाली पटेल नगर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम (शेष पृष्ठ सात पर)

# अब देहरादून कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

## खाली कराया गया परिसर, जिला जज कार्यालय को मिला धमकी भरा मेल



देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के विभिन्न जिलों में न्यायालयों को बम से उड़ाने की धमकियों के बीच अब राजधानी देहरादून के जिला न्यायालय को भी निशाना बनाने की चेतावनी दी गई है। बुधवार को जिला जज कार्यालय को मिले एक धमकी भरे ईमेल से कोर्ट परिसर में हड़कंप मच गया। खबर फैलते ही सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गईं और एसएसपी सिटी प्रमेंद्र डोबाल भारी पुलिस बल और बम निरोधक दस्ते के साथ मौके पर पहुँचे। सुरक्षा के दृष्टिगत सभी जजों, अधिवक्ताओं और वादकारियों को तत्काल कोर्ट रूम से बाहर निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया गया और पूरे परिसर को खाली कराकर बैरिकेडिंग कर दी गई। शुरुआती जांच में इस धमकी भरे मेल के पीछे किसी पाकिस्तानी संगठन का हाथ होने की आशंका जताई जा रही है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनमोहन कंडवाल ने पुष्टि की कि जिला जज कार्यालय को यह मेल प्राप्त हुआ था, जिसके बाद पुलिस प्रशासन को सूचित किया (शेष पृष्ठ सात पर)

# आईएएसडी की सतर्कता से रुका बाल विवाह

किच्छा (उद संवाददाता)। ग्राम अंजनिया में एक नाबालिग किशोरी के विवाह की सूचना पर आईएसडी संस्था, चाइल्ड लाइन और पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए बाल विवाह को रुकवा दिया। आईएसडी संस्था के अध्यक्ष डॉ अमित कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि संस्था द्वारा 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के तहत 'जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन एलायंस' के सहयोग से गांव-गांव जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम अंजनिया में एक नाबालिग की शादी होने की गोपनीय सूचना प्राप्त हुई थी, जिस पर तत्काल संज्ञान लिया गया।सूचना मिलते ही आईएसडी की परियोजना निदेशक बिंदुवासिनी के नेतृत्व में चाइल्ड लाइन और पुलिस की टीम मौके पर पहुँची और विवाह कार्यक्रम को बीच में ही रुकवा दिया। इस दौरान परिजनों से बालिका की उम्र से संबंधित दस्तावेज मांगे गए, लेकिन परिजनों द्वारा उम्र को लेकर लगातार टालमटोल किया गया। संदेह होने पर संस्था ने जूनियर हाई स्कूल से बालिका के शैक्षिक दस्तावेजों की (शेष पृष्ठ सात पर)

# डेमाग्राफी चेंज के खेल का हुआ भंडाफोड़, एक दबोचा

## एसटीएफ ने जनसेवा केंद्र संचालक को दबोचा, मोबाइल ऐप से बदल देता था आधार का बारकोड



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। एसटीएफ कुमांयू यूनिट और ट्रांजिट कैंप पुलिस ने एक संयुक्त कार्यवाही के दौरान मछली मार्केट रोड पर संचालित 'गंगवार जनसेवा केंद्र' में छापेमारी कर फर्जी दस्तावेज बनाने वाले एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के कब्जे से भारी मात्रा में कूटरचित आधार कार्ड, पैन कार्ड, हाईस्कूल की फर्जी अंकतालिकाएं और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद हुए हैं। पकड़े गए आरोपी की पहचान चेतन कुमार पुत्र राजपाल, निवासी रामपुर (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है, जो वर्तमान में शिमला बहादुर की गड्डा कॉलोनी में रह रहा था। एसटीएफ को सूचना मिली थी कि सिडकुल में नौकरी पाने के इच्छुक बाहरी राज्यों के लोगों को अवैध रूप से उत्तराखंड के पते पर फर्जी दस्तावेज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस सूचना पर उपनिरीक्षक विपिन जोशी और उनकी टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर दुकान पर दबिश दी। मौके पर मौजूद चेतन कुमार के पास से दो ऐसे आधार कार्ड बरामद हुए, जिनमें अंकित बारकोड को स्कैन करने पर असली नाम चेतन कुमार का ही सामने आया। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि वह 'पिक्सेल लैब' नामक मोबाइल एप्लीकेशन के जरिए किसी भी आधार या पैन कार्ड में कस्टमर का फोटो, नाम और पता एडिट कर देता था। इसके बाद वह कूटरचित बारकोड चस्पा कर उसका प्रिंट निकालकर ग्राहकों को मनमाने दामों पर (शेष पृष्ठ सात पर)

# माँ के संस्कारों से बनता है राष्ट्र का चरित्र: धामी

## 'मातृ संस्कार समागम' कार्यक्रम में सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत परिवारों की मातृशक्ति के साथ सीएम ने किया संवाद

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राजकीय दून मेडिकल कॉलेज, पटेल नगर, देहरादून में विश्वमांगल्य सभा के तत्वाधान में आयोजित 'मातृ संस्कार समागम' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आई मातृशक्ति का अभिनंदन करते हुए उनके प्रति सम्मान प्रकट किया। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने बचपन और निजी जीवन के अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा कि उनका जीवन किसी विशेष सुविधा या संसाधनों से नहीं, बल्कि संघर्ष, अनुशासन और संस्कारों की पूंजी से बना है। साधारण परिवार में पले-बढ़े होने के कारण उन्होंने प्रारंभ से ही मेहनत, ईमानदारी और आत्मनिर्भरता का महत्व समझा। उन्होंने बताया कि सीमित संसाधनों के बीच बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने का संकल्प ही उनके व्यक्तित्व की असली ताकत बना। मुख्यमंत्री ने कहा कि साधारण जीवन शैली ने उन्हें जमीन से जुड़े रहने की सीख दी। सादगी, संयम और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना ने उनके विचारों और निर्णयों को आकार दिया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जीवन में ऊँचा पद या प्रतिष्ठा नहीं, बल्कि मजबूत चरित्र और स्पष्ट उद्देश्य ही व्यक्ति को महान बनाते हैं। यही मूल्य आज भी उनके हर निर्णय और कार्यशैली का आधार हैं। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन में कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें इस विशेष कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेशभर से पधारी माताओं और बहनों के बीच उपस्थित होने का अवसर प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की कि इस आयोजन के माध्यम से देश-प्रदेश के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत परिवारों की मातृशक्ति, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली नारीशक्ति तथा प्रदेश की बेटियों के साथ सार्थक संवाद स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह आयोजन समाज और राष्ट्र के विकास में मातृशक्ति की भूमिका को और अधिक सशक्त एवं व्यवहारिक रूप से समझने की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में माता का स्थान सर्वोच्च माना गया है। मातृशक्ति को परिवार की धुरी बताते हुए उन्होंने कहा कि परिवार समाज की मूल इकाई है और यदि परिवार सशक्त होगा तो समाज और राष्ट्र भी सशक्त होंगे। उन्होंने विश्वमांगल्य सभा द्वारा मातृशक्ति और पारिवारिक मूल्यों को रेखांकित करने के निरंतर प्रयासों की सराहना की तथा सभी कार्यकर्ताओं और जुड़ी हुई मातृशक्ति के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमारी सांस्कृतिक परंपराओं, धर्मग्रंथों और ऐतिहासिक घटनाओं में माता द्वारा दिए गए संस्कारों का अद्वितीय महत्व रहा है। उन्होंने प्रभु श्रीराम एवं माता कौशल्या, भगवान श्रीकृष्ण एवं माता यशोदा तथा छत्रपति शिवाजी महाराज एवं माता जीजाबाई के उदाहरणों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन महान विभूतियों के व्यक्तित्व निर्माण में मातृ संस्कारों की निर्णायक भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि माता द्वारा दिए गए संस्कार ही व्यक्ति के चरित्र, विचार और व्यवहार की नींव रखते हैं तथा उनमें नैतिकता, धैर्य, सहनशीलता और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते हैं। मुख्यमंत्री श्री धामी ने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए कहा कि उनके जीवन में भी उनकी माताजी द्वारा दिए गए संस्कारों और मूल्यों का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि समय के साथ पारिवारिक संरचना में व्यापक परिवर्तन आए हैं। संयुक्त परिवारों का स्वरूप सीमित हुआ है और एकल परिवारों का प्रचलन बढ़ा है। सुविधा और स्वतंत्रता के साथ-साथ सामूहिकता और आत्मीयता का भाव भी कहीं न कहीं प्रभावित हुआ है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आधुनिक जीवनशैली, व्यस्तता और प्रतिस्पर्धा के कारण परिवारों के बीच संवाद में कमी आई है। विवाह-विच्छेद की बढ़ती घटनाएं और परिवार संस्था से दूर जाने की प्रवृत्तियां सामाजिक बदलाव का संकेत हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन के निर्णय लेने का अधिकार है, किन्तु परिवार की मूल भावना-त्याग, सहयोग, जिम्मेदारी और भावनात्मक जुड़ाव-को बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने आधुनिकता और पारिवारिक मूल्यों के बीच संतुलन स्थापित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए 'कुटुंब प्रबोधन' की अवधारणा को समय की मांग बताया। उन्होंने कहा कि परिवार केवल सामाजिक इकाई नहीं, बल्कि संस्कारों का प्रथम विद्यालय है, जहां से बच्चे सम्मान, अनुशासन, सहयोग, सहिष्णुता और राष्ट्रभाव जैसे मूल्य सीखते हैं। मुख्यमंत्री श्री धामी ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर इस प्रकार के कार्यक्रम विशेष महत्व रखते हैं और समाज में सांस्कृतिक मूल्यों के पुनर्जागरण को नई दिशा देते हैं। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि विश्वमांगल्य सभा द्वारा आयोजित यह वैचारिक संवाद मातृशक्ति को नई ऊर्जा और आत्मविश्वास प्रदान करेगा तथा समाज और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को और सुदृढ़ करेगा। अंत में मुख्यमंत्री ने कहा कि मातृशक्ति में वह सामर्थ्य है जिसके बल पर वे न केवल अपने परिवार को सशक्त बना सकती हैं, बल्कि समाज, राष्ट्र और विश्व के कल्याण में भी निर्णायक भूमिका निभा सकती हैं। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्रीमती गीता धामी ने कहा कि सामाजिक सेवा ही मानवीय जीवन का मूल है और जब सेवा किसी परिवार की परंपरा बन जाती है तो उसका प्रभाव केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह पूरे समाज की चेतना को जागृत करता है। उन्होंने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति में 'सेवा परमो धर्मः' का भाव केवल शब्दों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन की वास्तविक साधना है। उन्होंने उपस्थित सेवा-समर्पित परिवारों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे परिवारों ने सेवा को अपने जीवन का संस्कार बनाया है। जब परिवार के सदस्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के प्रति संवेदनशील होते हैं और जरूरतमंदों के दुःख को अपना दुःख समझते हैं, तभी समाज में करुणा, समरसता और मानवीय मूल्यों की स्थापना संभव होती है। श्रीमती धामी ने भारतीय संस्कृति में माँ की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि माँ केवल स्नेह की प्रतिमूर्ति नहीं, बल्कि समाज निर्माण की आधारशिला है। वही प्रथम संस्कारदाता होती है, जो बच्चों के मन में सेवा, त्याग और संवेदना के बीज बोती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यदि प्रत्येक परिवार अपनी अगली पीढ़ी को सेवा भाव से जोड़ दे, तो असंवेदनशीलता, स्वार्थ और सामाजिक विघटन जैसी समस्याएं स्वतः ही कम हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में तकनीकी प्रगति और व्यस्त जीवनशैली के कारण परिवारों के बीच भावनात्मक दूरी बढ़ रही है। ऐसे समय में सेवा-निष्ठ परिवार समाज के लिए प्रेरक उदाहरण बनकर सामने आते हैं। उन्होंने कहा कि सफलता का मापदंड केवल व्यक्तिगत उपलब्धियाँ नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह देखना चाहिए कि समाज के लिए कितना योगदान दिया गया है। श्रीमती गीता धामी ने कहा कि बच्चों को केवल प्रतिस्पर्धा की भावना नहीं, बल्कि संवेदना, सहयोग और सामाजिक उत्तरदायित्व का पाठ भी पढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि डॉक्टर, इंजीनियर या अधिकारी बनना महत्वपूर्ण है, किंतु उससे भी अधिक आवश्यक है कि बच्चे अच्छे और संवेदनशील नागरिक बनें। परिवार को उन्होंने पहली पाठशाला बताते हुए कहा कि यहीं से समाज को दिशा देने वाले नागरिक तैयार होते हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ती एकल परिवार व्यवस्था और सीमित संवाद के कारण पारिवारिक संबंधों में जो दूरी आ रही है, उसे पाटने में मातृशक्ति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। माताएँ ही घर की सांस्कृतिक धुरी होती हैं, जो बच्चों को रिश्तों का महत्व, बड़ों के प्रति सम्मान और समाज के प्रति कर्तव्य का बोध कराती हैं। इस अवसर पर उन्होंने सभी परिवारों से आग्रह किया कि वे अपने घरों में संवाद को जीवित रखें, सेवा को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और बच्चों को समाज के प्रति संवेदनशील बनाएं। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक परिवार अपने आसपास के जरूरतमंद परिवारों का सहारा बने, तो समाज की अनेक समस्याओं का समाधान स्वतः ही संभव है। श्रीमती धामी ने कहा कि यह वैचारिक संवाद केवल चर्चा का मंच नहीं, बल्कि समाज के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी को स्मरण कराने का अवसर है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस सम्मेलन के माध्यम से उत्पन्न सकारात्मक ऊर्जा और प्रेरणा उत्तराखंड सहित व्यापक समाज में सेवा, समर्पण और सामाजिक सद्भाव को और अधिक सुदृढ़ करेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सप्त मातृ शक्ति सम्मान के तहत 7 विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली श्रीमती ममता राणा, श्रीमती ममता रावत, सुश्री शैला ब्रिजनाथ, साध्वी कमलेश भारती, श्रीमती राजरानी अग्रवाल, श्रीमती मन्जू टम्टा व सुश्री कविता मलासी को सम्मानित किया। कार्यक्रम में विश्वमांगल्य सभा के पदाधिकारी प्रशांत हरतालकर, डॉ. वृषाली जोशी, श्रीमती पूजा माधव, श्रीमती अनुराधा यादव, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आई महिलाए, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।










# गदरपुर में समृद्धि सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारम्भ

### पंतनगर विवि के सहयोग से पाँच दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण

गदरपुर (उद संवाददाता)। एन.सी.डी.सी. एवं कृषि विज्ञान केंद्र काशीपुर के तत्वाधान में गठित समृद्धि कृषक उत्पादक संगठन सहकारी समिति के पुरानी अनाज मंडी स्थित कार्यालय में श्समृद्धि सिलाई प्रशिक्षण केंद्रश का भव्य शुभारम्भ किया गया। यह केंद्र जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर की यूनिट कॉर्डिनेटर डॉ. मनीषा गहलौत एवं प्रोफेसर सीमा क्वात्रा के विशेष सहयोग से स्थापित किया गया है। केंद्र का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं और बालिकाओं को कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है।कार्यक्रम के दौरान समिति अध्यक्ष त्रिलोक चंद एवं सीईओ सीमा रानी ने पंतनगर विश्वविद्यालय की टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी जीविका उपार्जन के लिए इस तरह के कार्यक्रमों का संचालन किया जाना आवश्यक है। उन्होंने विश्वविद्यालय के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र की महिलाओं को घर के पास ही हुनर सीखने का मंच मिलेगा। सीईओ सीमा रानी ने बताया कि इस पहल के तहत पाँच दिवसीय निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण और ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने विशेष जानकारी देते हुए बताया कि सिलाई केंद्र पर मात्र 500 रुपये मासिक फीस और 50 रुपये दाखिला शुल्क में प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही, पहले पंजीकरण कराने वाले 30 सदस्यों को शुल्क में 10 प्रतिशत की विशेष छूट दी जाएगी। इस अवसर पर समिति के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स सुरजीत कुमार डाबर, हरनाम चंद, विनोद कुमार, वीरेंद्र सिंह, अशोक कुमार, रश्मि रावत, मंगोला देवी, अमलेश कोरंगा, सीमा कोरंगा और अकाउंटेंट नीलम गुप्ता ने कार्यक्रम की प्रशंसा की। प्रशिक्षण में गदरपुर सहित सीतापुर, नारायणपुर, गांधी नगर, मझरा शीला, रजपुरा और आबाद नगर से भारी संख्या में युवतियों ने पंजीकरण कराया। इस दौरान अलसिफा, सानिया, सिमरन, गार्गी, परीक्षा, चंपा, नगमा, सुमन, सुनीता, परवीन, शौकीन जहां, काजल, श्वेता, नंदिनी और कोमल सहित अनेक प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।



# बसपा की नीतियों से ही होगा सामाजिक न्याय: संधू

गदरपुर (उद संवाददाता)। बहुजन समाज पार्टी के गदरपुर विधानसभा संयोजक चरनजीत सिंह संधू ने आज एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता आयोजित कर क्षेत्र की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर तीखा प्रहार किया। संधू ने दो टूक शब्दों में कहा कि वर्तमान समय में कुछ संगठन समाज को जोड़ने के बजाय धर्म की राजनीति को बढ़ावा दे रहे हैं, जो लोकतंत्र और सामाजिक सौहार्द के लिए एक गंभीर और चिंताजनक स्थिति है। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश को विभाजनकारी राजनीति की नहीं, बल्कि संवैधानिक मूल्यों और सामाजिक न्याय की आवश्यकता है। अपनी राजनीतिक भविष्य की चर्चा करते हुए संधू ने कहा कि उनकी अटूट निष्ठा केवल बहुजन समाज पार्टी और उसकी विचारधारा के प्रति समर्पित है। पिछले कई वर्षों से संगठन को जमीनी स्तर पर सींचने का कार्य कर रहे संधू ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर स्थिति साफ की। उन्होंने कहा, ष्मैं पार्टी का एक अनुशासित सिपाही हूँ। यदि पार्टी सुप्रीमो मायावती मुझे चुनाव लड़ने का आदेश और टिकट देती हैं, तभी मैं प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरूंगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि मायावती के नेतृत्व में बसपा ने हमेशा सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखायश की नीति पर चलते हुए हर वर्ग के सम्मान की बात की है। प्रेस वार्ता के दौरान संधू ने गदरपुर विधानसभा में उनके साथ हो रहे दुर्व्यवहार पर भी कड़ा रोष व्यक्त किया। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र में कुछ असामाजिक तत्वों और विरोधियों द्वारा उनकी प्रचार फ्लैक्सियों को हटाया जा रहा है और कई स्थानों पर उनकी फ्लेक्स के ऊपर अपनी फ्लेक्स लगा दी गई है। उन्होंने इसे श्ओछी राजनीतिश करार देते हुए कहा कि ऐसी हरकतों से जनता के बीच उनकी लोकप्रियता कम नहीं होगी, क्योंकि जनता अब जागरूक हो चुकी है और विकास चाहती है। संधू ने आगे कहा कि गदरपुर की जनता अब शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे बुनियादी मुद्दों पर ठोस काम देखना चाहती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने और समाज में भाईचारे का संदेश फैलाने की अपील की। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में गदरपुर सहित पूरे क्षेत्र में बसपा को जनता का भरपूर समर्थन मिलेगा।



जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
इन्वर्टर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

# अवैध वसूली व नशीले कारोबार को लेकर दोराहा और सुल्तानपुर पट्टी चौकी फिर सुर्खियों में

## मौत के मानिंद फर्राटा भरते हैं खनन भरे वाहन

बाजपुर/सुल्तानपुर पट्टी। नगर पंचायत सुल्तानपुर पट्टी व दोराहा चौकी क्षेत्र अवैध नशा व जरायम कारोबार को लेकर एक बार फिर सुर्खियों में है। सुल्तानपुर पट्टी चौकी क्षेत्र में अवैध खनन का गैर कानूनी कारोबार प्रशासन की लाख कोशिशों के बावजूद थमने का नाम नहीं ले रहा है। पुलिस चौकी के सामने से सैकड़ो की तादाद में आरवीएम (अवैध खनन) से ओवरलोड डंपर व ट्रैक्टर-ट्रॉलियां सड़कों पर मौत के मानिंद फर्राटा भरते देखी जा रही है तो वहीं दूसरी ओर राज्य की सीमा के करीब स्थापित दोराहा पुलिस चौकी क्षेत्र में भी खनन व लक्कड़ भरे वाहनों को बॉर्डर क्रॉस कर यूपी की सीमा में जाने के नाम पर उगाही की सूचना है। राज्य के सीमावर्ती इलाकों में इस तरह की गतिविधियां कहीं ना कहीं बड़े खतरे का संकेत है। बता दे कि पिछले काफी समय से अवैध खनन को लेकर सुर्खियों में चली आ रही सुल्तानपुर पट्टी



चौकी क्षेत्र में खनन माफियाओं का एक छत्र राज्य है। अधिकांश खनन माफिया यूपी के सीमावर्ती जिले रामपुर से यहां उत्तराखंड के सरहदी क्षेत्र में अपना वर्चस्व बनाए हुए हैं। अपुष्ट सूत्रों का कहना है कि स्थानीय चौकी पुलिस से सांठ-गांठ करके खनन माफिया सरकार के राजस्व को प्रतिमाह लाखों का नुकसान पहुंचा रहे हैं। चोरी से निकला खनन यूपी के सीमावर्ती क्षेत्र में स्टोन क्रशरों को भेजा जा रहा है। ऐसे ही सुल्तानपुर पट्टी चौकी क्षेत्र में पुलिस की निष्क्रियता के कारण नशे के गैर कानूनी कारोबार से जुड़े लोगों की चहलकदमी तेज हो गई है। नगर पंचायत क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में दर्जनों स्थानों पर अवैध कच्ची शराब के महफूज अड्डे संचालित है। बताया जाता है कि सुल्तानपुर पट्टी चौकी क्षेत्र पिछले कुछ समय से खतरे के सभी निशान पार कर चुका है। चौकी क्षेत्र में मौत की तरह दौड़ते वाहनों से गंभीर दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। यहां बता दें कि चौकी क्षेत्र में खनन भरे वाहनों से अब तक दर्जनों जिंदगियां मौत के मुंह में जा चुकी है लेकिन प्रशासन की कार्यशैली में कोई बदलाव नहीं देखा गया। इसी तरह दोराहा पुलिस चौकी क्षेत्र में भी नशा व अवैध वसूली चर्चा का विषय बनी है। बताना यह भी है कि पूर्व में पुलिसिंग में लापरवाही पाए जाने पर पूरी सुल्तानपुर पट्टी चौकी को तत्कालीन एसएसपी ने सस्पेंड कर दिया था।

# गांधी पार्क में करियर काउंसलिंग और रोजगार मेला आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरस आजीविका मेला ऊधम सिंह नगर के अंतर्गत गांधी पार्क में करियर काउंसलिंग एवं रोजगार मेले का सफल आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को वर्तमान प्रतिस्पधर्ी दौर में रोजगार के उपयुक्त अवसरों से जोड़ना तथा उनके करियर निर्माण हेतु सही मार्गदर्शन प्रदान करना रहा। आयोजित करियर काउंसलिंग सत्र में संकल्प फाउंडेशन के अमित जोशी द्वारा युवाओं को विभिन्न रोजगार विकल्पों के साथ-साथ सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी, सटीक रणनीति एवं इसमें छिपी संभावनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने उपस्थित युवाओं को अपने कौशल एवं रुचि के अनुरूप करियर विकल्पों का चयन करने के लिए प्रेरित किया तथा लक्ष्य प्राप्ति हेतु आवश्यक तैयारी के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।कार्यक्रम में इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट एवं इंटरमीडिएट स्तर के लगभग 150 विद्यार्थियों ने करियर काउंसलिंग सत्र में सक्रिय सहभागिता की और विषय विशेषज्ञों से महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त सेवायोजन विभाग द्वारा आयोजित रोजगार मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों एवं संस्थानों ने प्रतिभाग करते हुए युवाओं को रोजगार के सीधे अवसर उपलब्ध कराए, जिसमें क्षेत्र के लगभग 630 युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सरस मेले के अंतर्गत आयोजित यह पहल युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है, जिससे उन्हें अपने करियर के प्रति



जागरूकता के साथ-साथ रोजगार के नए अवसरों से सीधे जुड़ने का एक प्रभावी मंच प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर जिला सेवायोजन अधिकारी राजेश दुर्गापाल, सहायक श्रम आयुक्त रूद्रपुर अरविंद सैनी सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# स्कूल से घर लौट रहे पांच बच्चों के अपहरण का प्रयास

## छात्रा से छेड़खानी पर हंगामा,परिजनों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

रामनगर (उद संवाददाता)। स्कूल से घर जा रहे पांच नाबालिग छात्र-छात्राओं का अपहरण करने के प्रयास और एक छात्रा के साथ छेड़खानी की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों और परिजनों की सतर्कता से आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। घटना के बाद से स्कूली बच्चों के अभिभावकों में भारी डर और रोष व्याप्त है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहल्ला गूलरघट्टी निवासी राकेश ने पुलिस को बताया कि उनकी 10 वर्षीय पुत्री हनुमानगढ़ी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में पढ़ती है। मंगलवार दोपहर स्कूल की छुट्टी होने के बाद वह अपनी सहेलियों और एक छात्र के साथ घर लौट रही थी। तभी रास्ते में एक अनजान अधेड़ व्यक्ति ने इन बच्चों को रोक लिया। आरोपी ने बच्चों को झांसा देते हुए कभी कहा कि उसे स्कूल से भेजा गया है, तो कभी परिजनों का नाम लेकर अपने साथ चलने का दबाव बनाने लगा। आरोपी इन सभी पांचों बच्चों को अपने साथ ले जाने का प्रयास कर रहा था।जब पीड़ित छात्रा ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने उसके साथ छेड़खानी की और उसकी कमर पर हमला कर उसे चोटिल कर दिया। डरी-सहमी छात्रा किसी तरह वहां से शोर मचाते हुए अपने घर पहुँची और परिजनों को आपबीती सुनाई। जानकारी मिलते ही परिजनों के होश उड़ गए। पिता राकेश ने अन्य लोगों के साथ आरोपी की तलाश शुरू की, तो वह बालाजी मंदिर के समीप एक पार्क में संदिग्ध अवस्था में मिला, जहाँ उसके साथ कुछ अन्य बच्चे भी मौजूद थे। परिजनों ने तुरंत उसे पकड़ लिया और कोतवाली पुलिस को सूचित किया।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। सीओ सुमित पांडे ने बताया कि पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले आरोपी के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। पुलिस मामले के हर पहलू की गहनता से जांच कर रही है।

# त्रिशूल चौक पर राजनीति न करें विरोधी प्रोटोकॉल का रखा गया है पूरा ध्यान: महापौर

रुद्रपुर। नगर के ऐतिहासिक त्रिशूल चौक के शिलापट को लेकर उपजे विवाद पर महापौर विकास शर्मा ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने विरोधियों द्वारा किए जा रहे गतिरोध को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए नसीहत दी है कि आस्था के केंद्र और शहर की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर राजनीति न की जाए। महापौर ने स्पष्ट किया कि लोकार्पण शिलापट में प्रोटोकॉल का पूरी तरह पालन किया गया है।घ्महापौर विकास शर्मा ने जारी बयान में कहा कि त्रिशूल चौक शहर के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है, जिसे कुछ लोग पचा नहीं पा रहे हैं। उन्होंने बाहर लगे एक रिक्त पत्थर को लेकर किए जा रहे विवाद को अनावश्यक और निंदनीय बताया। महापौर ने कहा कि कुछ तत्व जानबूझकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं, जो शहर के विकास में बाधक है। विवाद की स्थिति स्पष्ट करते



हुए महापौर ने बताया कि मुख्य शिलापट के अतिरिक्त जो पत्थर बाहर लगाया गया है, वह भगवान शिव के श्दिव्य मंत्रश अंकित करने के लिए आरक्षित था। उन्होंने स्वीकार किया कि जल्दबाजी के कारण उस पत्थर पर माननीय मुख्यमंत्री और मेरा नाम अंकित हो गया था। जैसे ही यह त्रुटि संज्ञान में आई, इसे सुधारने के लिए पत्थर पर लेपन (कोट) किया गया है। इस पर शीघ्र ही भगवान शिव का दिव्य मंत्र भव्य रूप से अंकित किया जाएगा।मेयर ने दोहराया कि लोकार्पण के मुख्य शिलापट को निर्धारित शासकीय प्रोटोकॉल के अनुरूप ही स्थापित किया गया है। इसमें किसी भी नियम का उल्लंघन नहीं हुआ है। उन्होंने विरोधियों से अपील की कि वे विकास कार्यों में रोड़ा अटकाने के बजाय सकारात्मक राजनीति करें, क्योंकि त्रिशूल चौक समस्त नगरवासियों की आस्था और अस्मिता का प्रतीक है।

# छात्रों के निर्णय ही तय करेंगे भविष्य की दिशा: गणेश

किच्छा (उद संवाददाता)। राजकीय इंटर कॉलेज शांतिपुरी में छात्र-छात्राओं के भविष्य को संवारने के उद्देश्य से करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व दर्जा राज्य मंत्री एवं उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी गणेश उपाध्याय ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि कक्षा 10 और 12 केवल बोर्ड परीक्षाएं नहीं हैं, बल्कि यह जीवन की दिशा तय करने वाली महत्वपूर्ण श्रेणियां हैं। इस समय विद्यार्थी जो निर्णय लेते हैं, वही भविष्य में उनकी पहचान बनता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आज के छात्र ही आने वाले समय में डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, वैज्ञानिक और देश के जिम्मेदार नागरिक बनेंगे।गणेश उपाध्याय ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हर बच्चा खास है और हर छात्र के भीतर एक अनोखी प्रतिभा छिपी होती है। समस्या अवसरों की कमी नहीं, बल्कि अपनी



ताकत को न पहचानना है। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि करियर का चुनाव दबाव में नहीं बल्कि अपनी समझ और आत्मविश्वास के साथ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि साधन कम होना, अंग्रेजी कमजोर होना या गरीब परिवार से होना सफलता के मार्ग में रुकावट नहीं है, बल्कि व्यक्ति का आत्मविश्वास ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने छात्रों से संकल्प लेने का आह्वान करते हुए कहा कि मेहनत और रुचि के बल पर ही अपनी अलग पहचान बनाई जा सकती है।कार्यक्रम प्रभारी प्रवक्ता भरत सिंह ने बच्चों को भविष्य के विभिन्न क्षेत्रों के उदाहरण देते हुए बोर्ड परीक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की। प्रवक्ता पीएन सिंह ने छात्रों को भारतीय सेना में सीडीएस के माध्यम से सेवा देने के लिए प्रेरित किया। मेडिकल ऑफिसर डॉ. रूपांशी ने स्वास्थ्य क्षेत्र में करियर की संभावनाओं के साथ-साथ खान-पान के नियमों पर विशेष जानकारी दी। पीटीए अध्यक्ष मोहन सिंह कोरंगा और पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह कोरंगा ने भी छात्रों को करियर के प्रति सजग रहने की सलाह दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. विपिन चंद्र भट्ट ने छात्रों को स्वतंत्र सोच के साथ करियर चुनने के लिए प्रेरित करते हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रवक्ता तेजपाल ने किया। इस अवसर पर बसंत कुमार, अनंत कुमार चौहान, फकीर चंद्र, मंजुला, बालकृष्ण पांडे, रानी बसेड़ा, प्रियंका पवार, अनिल कुमार, बिष्ट सहित कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# भाजपा के राज में जनता त्रस्त- आर्य

देहरादून। उत्तराखंड में शहरी क्षेत्रों में चल रहे अवस्थापना विकास कार्यों को लेकर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर सड़कों को खोदकर उन्हें गड्ढों में तब्दील कर दिया गया है, जिससे



आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जारी बयान में आर्य ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार और लापरवाही चरम पर है। उन्होंने कहा कि शहरों में पेयजल, सीवरेज और शहरी आधारभूत ढांचे के विकास के नाम पर उत्तराखंड अर्बन सेक्टर डेवलपमेंट एजेंसी के माध्यम से किए जा रहे कार्यों ने आम जनता का जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि शहर की मुख्य सड़कों के साथ- साथ गली-मोहल्लों की सड़कें भी खुदाई के कारण बदहाल हो चुकी हैं, जिससे पैदल चलना और वाहनों का आवागमन दोनों ही मुश्किल हो गया है। कई स्थानों पर लंबे समय से खुदाई के बाद भी कार्य अधूरे पड़े हैं। आर्य ने यह भी कहा कि कार्यस्थलों पर न तो सूचना बोर्ड लगाए गए हैं और न ही परियोजनाओं की समय सीमा स्पष्ट की गई है, जिससे नागरिकों को यह तक पता नहीं चल पा रहा कि काम कब तक पूरा होगा। उन्होंने सरकार से मांग की कि विकास कार्यों में पारदर्शिता लाई जाए और जल्द से जल्द सड़कों को दुरुस्त कर जनता को राहत दी जाए।

# सभी थानों ने एक साथ चलाया सत्यापन अभियान, काटे चालान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में जनपद में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और बाहरी व्यक्तियों की पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ऊधमसिंहनगर पुलिस ने मंगलवार को सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ सघन सत्यापन अभियान चलाया। इस बड़े एक्शन के दौरान पुलिस की विभिन्न टीमों ने अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर किरायेदारों, घरेलू सहायकों और संदिग्धों की गहन जांच की। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए पुलिस ने चालान काटकर जुर्माना भी वसूला।अभियान के अंतर्गत थाना खटीमा में सर्वाधिक 125 व्यक्तियों का सत्यापन किया





गया, जहाँ नियमों की अनदेखी पर पुलिस एक्ट की विभिन्न धाराओं में 23 चालान किए गए। सितारगंज पुलिस ने सिडकुल और कस्बा क्षेत्र में 77 लोगों की जांच की और 9 चालान काटे। झन्कईया पुलिस ने पकड़िया और अमाऊ क्षेत्र में 71 सत्यापन कर 2 कार्यवाही की, जबकि रूद्रपुर पुलिस ने शामिया लेक क्षेत्र में 61 लोगों का सत्यापन कर 4 चालान किए। बाजपुर में 59 सत्यापन के साथ 4 कार्यवाही और किच्छा के पंजाबी मोहल्ला व दरऊ क्षेत्र में 51 सत्यापन कर 10 चालान किए गए।कुण्डा पुलिस ने मंडी चौक क्षेत्र में 36 सत्यापन किए और 17 चालान काटकर सख्त संदेश दिया। दिनेशपुर के मोतीपुर क्षेत्र में 36 सत्यापन और 11 चालान किए गए। काशीपुर के आवास विकास क्षेत्र में 35 सत्यापन व 5 चालान, ट्रांजिट कैम्प के मुखर्जी नगर में 35 सत्यापन व 6 चालान तथा आई.टी.आई. थाना पुलिस ने हिम्मतपुर में 29 सत्यापन कर 1 चालान किया। पुलभट्टा पुलिस ने विभिन्न कॉलोनियों में 28 लोगों की जांच की। केलाखेड़ा और पंतनगर पुलिस ने 18-18 सत्यापन कर क्रमशः 1 और 2 चालान किए। गदरपुर में 15 सत्यापन के साथ 5 चालान और जसपुर पुलिस ने बाजार क्षेत्र में 13 सत्यापन कर 4 चालान किए। नानक मत्ता में मेला क्षेत्र की सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहा।

# तहसील दिवस में आई 52 शिकायतों में से 26 का मौके पर समाधान

जसपुर (उद संवाददाता)। तहसील दिवस में आयी समस्याओं को अधिकारी गंभीरता से लेते हुए त्वरित गति से निस्तारित करना सुनिश्चित करें यह निर्देश अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने मंगलवार को मंडी में आयोजित तहसील दिवस में अधिकारियों को दिये। उन्होने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए तहसील दिवस में पंजीकृत समस्याओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारित करना सुनिश्चित करें। उन्होने पंजीकृत समास्याओं को जन समर्पण पोर्टल पर भी अपलोड करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गयी समस्याओं का त्वरित निस्तारण करें। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि समस्या जिस स्तर की है उसी स्तर पर समाधान करना सुनिश्चित करें ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।मंडी परिसर में आयोजित तहसील दिवस में राशन कार्ड, अतिक्रमण, पेयजल, सड़क निर्माण व मरम्मत, नलकूप, प्रमाण पत्र आदि से सम्बन्धित 52 शिकायतें पंजीकृत हुई जिसमे से लगभग 26 शिकायतों/ समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया।तहसील दिवस में ग्राम पुरनपुर निवासी अपने खाते बैंक खाते की पांच साल का रिकार्ड चाहने का अनुरोध किया। जिसपर अपर जिलाधिकारी ने तहसीलदार को निर्देश दिये कि बैंक से वार्ता कर समाधान करने के निर्देश दिये। ग्राम अंगदपुर निवासी वीरेन्द्र कुमार ने खतौनी से अन्य लोगों का नाम निरस्त करने का अनुरोध किया। जिसपर अपर जिलाधिकारी ने तहसीलदार को जांच कर





आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। मौहल्ला नत्था सिंह निवासी शहजाद हुसैन ने वर्ष 2002 की वोटर लिस्ट चाहने का अनुरोध किया। जिसपर अपर जिलाधिकारी ने सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी को समाधान करने के निर्देश दिये। खेड़ा लक्ष्मीपुर निवासी दिनेश सिंह ने तालाब से सिंचाई करने हेतु बंद नाले को खुलवाने का अनुरोध किया। जिसपर अपर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई को निरीक्षण कर समाधान करने के निर्देश दिये। ग्राम मेघावाला निवासी राजेन्द्र सिंह ने सफाई का कचरा सार्वजनिक स्थान से अन्य सरकारी स्थान पर डालने का अनुरोध किया। जिसपर अपर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी को जॉच कर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये। नगर पंचायत महुआडाबरा निवासी सुरेश सिंह व मौ0 नत्था सिंह निवासी ने भूमि का पैमाइस कराने का अनुरोध किया। जिसपर अपर जिलाधिकारी ने तहसीलदार को तत्काल जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। ग्राम भोगपुर डाम तीरथ नगर निवासी गुरनाम सिंह ने जंगली जानवरो से सुरक्षा हेतु सोलर लाइट लगवाने का अनुरोध किया। जिसपर अपर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। मौहल्ला भूपसिंह निवासी अमित कुमार ने तालाब की भूमि से अतिक्रमण हटाते हुए सौन्दर्यकरण कराने का अनुरोध किया। जिसपर अपर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को स्थलीय निरीक्षण कराते हुए अतिक्रमण पाये जाने पर एक माह के भीतर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये। मौहल्ला जुलहान जसपुर निवासी शायरा बानो ने पुनः राशन कार्ड बनाने व मौहल्ला गुजरातियान निवासी फूलजहॉ ने सफेद राशन कार्ड बनाने का अनुरोध किया। जिसपर अपर जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को जांच कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। ग्राम प्रधान भगवंतपुर रेशमा परवीन ने पानी की पाइप लाईन ठीक करने व सड़क का मरम्मत कराने एवं जल जीवन मिशन के कार्यो का जांच कराने अनुरोध किया। जिसपर अपर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल संस्थान को निर्देश दिये कि जांच कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। सभासद गोविन्द कुमार ने पीने के पानी हेतु पाईप लाइन विछाने का अनुरोध किया। जिसपर अपर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल संस्थान को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। ग्राम भोगपुर डाम निवासियों ने परिवार रजिस्टर बनवाने का अनुरोध किया। जिसपर अपर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये।अपर जिलाधिकारी ने कहा कि तहसील दिवस में जनता व जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुए समयबद्ध तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि जन समस्याओं का निस्तारण व जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए सभी अधिकारी क्षेत्रों में जाकर जन समस्याओं को सुने व उनका निस्तारण करना सुनिश्चित करें।तहसील दिवस में कनिष्ठ प्रमुख विमल कुमार, उप जिलाधिकारी राहुल शाह, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, मुख्य उद्यान अधिकारी एसके शर्मा, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ वी के सिंह,सहायक निदेशक मत्स्य संजय कुमार छिम्वाल, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ आशुतोष जोशी,जिला आयुर्वेद यूनानी अधिकारी डॉ आलोक शुक्ला,अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई सुशील कुमार,विधुत जी एस कार्की, जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी, आदि उपस्थित थे।

# त्यौहार के मद्देनजर मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ चलाया अभियान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। खाद्य सुरक्षा आयुक्त तथा जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में आगामी होली त्यौहार के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य एवं पेय पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने हेतु व खाद्य पदार्थों में मिलावट की



प्रभावी रोकथाम हेतु खाद्य सुरक्षा उपायुक्त, कुमांऊ मण्डल, डा० राजेन्द्र सिंह कठायत के नेतृत्व में जनपद नैनीताल के बेलबाबा चौक पोस्ट पर प्रवर्तन टीम द्वारा बाहरी क्षेत्र से आने वाले लगभग 02 दर्जन से अधिक वाहनों का सघंन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आपूर्तिकर्ता वाहनों से दुग्ध, नमकीन, आटा, आईस कैण्डी, अरहद दाल, उर्द दाल के नमूने सहित कुल 06 नमूने संग्रहित कर जॉच हेतु भेजे गये। नमूनों की जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने व परीक्षण में सही न पाये जाने पर संबंधित खाद्य कारोबारकर्ताओं के विरूद्ध सक्षम न्यायालय में विधिक कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण के दौरान 02 खाद्य कारोबार कर्ताओं को प्राविधानों का उल्लंघन किये जाने पर नोटिस निर्गत किया गया तथा उन्हें व्यवसाय में खाद्य सुरक्षा के प्राविधानों का अनुपालन करने व कारोबार में आवश्यक सुधार किये जाने हेतु दो सप्ताह का समय दिया गया। सभी प्रतिष्ठान स्वामियों / विक्रेताओं को संदिग्ध व कालातीत खाद्य पदार्थों का विक्रय नहीं करने के निर्देश दिये गये तथा समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं को निर्देशित किया गया है कि किसी भी खाद्य कारोबारकर्ता द्वारा यदि मानकों के अनुरूप खाद्य पदार्थों का विक्रय, निर्माण, संग्रहण, वितरण इत्यादि सही नहीं पाये जाने वाले पर एवं बिना पंजीकरण/लाईसेंस/बीजक के खाद्य कारोबार किया जाता है तो उसके विरूद्ध कठोर विधिक कार्यवाही की जायेगी। साथ ही खाद्य पदार्थों के क्रय बिलों पर एफएसएसएआई लाईसेंस संख्या अंकित होना अनिवार्य है। इसके अरिक्ति नगर निगम हल्द्वानी के वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय कुमार सिंह द्वारा एफएसएसएआईस के निर्देशों के अनुपालन मे दालों की गुणवत्ता एवं शुद्धता को लेकर दो विभिन्न किस्म की दालों के नमून जॉच हेतु लिये।अभियान दल में खाद्य सुरक्षा उपायुक्त, कुमांऊ मण्डल, डा० राजेन्द्र सिंह कठायत, अजब सिंह रावत सहायक आयुक्त, नैनीताल, नन्द किशोर, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, हल्द्वानी ग्प्रमीण एवं अभय कुमार सिंह, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी, नगर निगम हल्द्वानी आदि सम्मिलित रहे। निरीक्षण नमूना संग्रहण की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

# नशे के संगठित कारोबार के खिलाफ घेरी कोतवाली

लालकुआँ (उद संवाददाता)। विधानसभा क्षेत्र में अवैध शराब और मादक पदार्थों के संगठित कारोबार के खिलाफ जनाक्रोश खुलकर सामने आ गया है। क्षेत्रीय जन समस्या निवारण संघर्ष समिति के नेतृत्व में समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों ने कोतवाली का घेराव कर कोतवाल को ल ज्ञापन सौंपा और सात दिन के भीतर निर्णायक, सार्वजनिक और प्रभावी कार्रवाई की मांग की। संघर्ष समिति का कहना है कि बिंदुखत्ता, हल्दुचौड़, मोटाहल्दू, बेरीपड़ाव, गौला गेट, देवरामपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों में अवैध शराब, स्मैक, चरस, गांजा और कच्ची शराब का कारोबार संगठित रूप से संचालित होने की लगातार



शिकायतें मिल रही हैं। युवाओं, छात्रों और बेरोजगार युवकों को लक्षित कर नशे का जाल फैलाया जा रहा है, जिससे भविष्य की पीढ़ी बर्बादी की ओर धकेली जा रही है। नशे की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं में वृद्धि हो रही है। कई परिवार आर्थिक रूप से टूट रहे हैं। समिति ने कहा कि समय-समय पर की गई पुलिस कार्रवाई के बावजूद अवैध कारोबार पूरी तरह समाप्त नहीं हो पा रहा है और कुछ समय बाद पुनः सक्रिय हो जाता है।संघर्ष समिति ने प्रशासनिक निष्पक्षता और जवाबदेही का मुद्दा भी उठाया है। ज्ञापन में कहा गया है कि कुछ बीट क्षेत्रों में संबंधित अधिकारी और कर्मचारी लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनात हैं, जिससे पारदर्शिता और निष्पक्षता पर प्रश्न उठते हैं। समिति ने कहा है कि लंबे समय से जमे बीट अधिकारियों कांस्टेबलों का स्थानांतरण जनहित में किया जाए तथा संवेदनशील क्षेत्रों में नई टीम तैनात की जाए। साथ ही प्रत्येक बीट क्षेत्र की मासिक समीक्षा रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। ज्ञापन में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि सात दिनों के भीतर ठोस और दिखाई देने वाली कार्रवाई प्रारंभ नहीं होती तो संघर्ष समिति कोतवाली परिसर के बाहर शांतिपूर्ण अनिश्चितकालीन धरना, जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव, क्रमिक अनशन तथा आवश्यकता पड़ने पर आमरण अनशन, व अवैध नशे के अड्डों पर धरपकड़ अभियान चलाएगी। इस दौरान संघर्ष समिति के संयोजक पियूष जोशी, छात्र महासंघ अध्यक्ष आशीष बड़वाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष मोटाहल्दू संदीप पांडे, सचिन फुलारा, क्षेत्र पंचायत सदस्य देवेंद्र तिवारी, पूर्व प्रधान हरेंद्र असगोला, कमल जोशी मुनि, हेमवती नंदन दुर्गापाल, योगेश कपिल, विशाल झा, भानु कबड़वाल, छात्रसंघ सचिव खजान चंद्र आर्य, प्रवीण शर्मा, पूर्व प्रधान भास्कर भट्ट सहित कई जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बर्खास्त शिक्षक दो तमंचे व 17 कारतूसों सहित गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा कोतवाली पुलिस ने चेंकिंग के दौरान शिक्षा विभाग से बर्खास्त हुए एक शिक्षक को दो तमंचों व 17, कारतूसों सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार एसएसपी डॉ0 मंजुनाथ टीसी के निर्देश पर चल रहे ऑपरेशन क्रेकडाउन के तहत बनभूलपुरा पुलिस की कार्यवाही में 02 तमंचे तथा 17 अवैध कारतूस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार किया गया। प्रभारी निरीक्षक बनभूलपुरा दिनेश सिंह फर्त्याल के नेतृत्व में थाना बनभूलपुरा पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई। पुलिस टीम को चेकिंग के दौरान सूचना मिली कि एक व्यक्ति घर में तमंचा रखे हुए है तथा परिजनों से झगड़ा करता है, पुलिस टीम द्वारा त्वरित मौके पर पहुंचकर कार्यवाही की गई।मौके पर मोबिन खान पुत्र अब्दुल बसीर खान निवासी निकट आयशा मस्जिद, गौजाजाली उत्तर, थाना बनभूलपुरा घर



पर मौजूद मिला। पूछताछ में परिजनों द्वारा बताया गया कि मोबिन खान परिवार को धमकाकर झगड़ा करता है तथा उसके पास तमंचा है। पुलिस टीम द्वारा मोबिन खान व उसके परिजनों के सामने घर की तलाशी लेने पर मौके से 01 अदद तमंचा 315 बोर, 02 कारतूस 315 बोर, 01 अदद तमंचा 12 बोर,04 कारतूस 12 बोर, 01 कारतूस 7.62 बोर, एक सफेद डिब्बे में 10 कारतूस 7.65 बोर बरामद किए गए। पुलिस ने बरामद तमंचे व कारतूस कब्जे में लेकर मोबिन खान को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने बताया कि मोबीन खान अभियुक्त के विरुद्ध थाना मुखानी में पूर्व में अभियोग पंजीकृत है, जिसमें उसे न्यायालय से 07 वर्ष की सजा हुई थी, जो वर्तमान में उच्च्य न्यायालय में अपील पर है। अभियुक्त ने यह भी बताया कि वह वर्ष 2023 में शिक्षा विभाग से बर्खास्त हुआ है। पुलिस ने जनपद में कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु आमजन से अनुरोध किया है कि अपने आसपास होने वाली संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क नजर रखें। यदि आपके क्षेत्र में कोई अपरिचित व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में निवास करता दिखाई दे, अवैध गतिविधियों की आशंका हो, या किसी प्रकार की असामान्य गतिविधि संचालित होती दिखे, तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। आपकी एक सूचना अपराध रोकने में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। आपात स्थिति में 112 नम्बर डायल करें । सूचना हेतु 9411112979 नम्बर पर संपर्क करें अथवा अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन को तुरंत अवगत कराएं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में दिनेश सिंह फर्त्याल, प्रभारी निरीक्षक बनभूलपुरा, उप निरीक्षक जगवीर सिंह, उप निरीक्षक मोनी टम्टा, कांस्टेबल अमित शरण, मो0 यासीन व चालक धर्मेन्द्र राव शामिल थे।







# सरस मेले में बंगाली सांस्कृतिक संध्या की धूम

## इमान चक्रवर्ती के सुरों पर झूमे लोग,कोलकाता के मशहूर जादूगर एन.सी. सरकार के हैरतअंगेज करतबों ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गांधी पार्क के विशाल मैदान में आयोजित सरस आजीविका मेला और यूएस नगर कार्निवल अपनी पूरी भव्यता के साथ जारी है। मेले के चतुर्थ दिवस पर आयोजित 'बंगाली सांस्कृतिक संध्या' ने चक्रवर्ती रहीं। इमान चक्रवर्ती के मंच पर आते ही पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूँज उठा। उनके ऊर्जावान और लोकप्रिय गीतों ने दर्शकों को देर रात तक झूमने पर मजबूर कर दिया। उनके शानदार और जादुई मंच प्रदर्शन ने पूरे किया। उन्होंने एक के बाद एक कई हैरतअंगेज और रोमांचक करतब दिखाकर दर्शकों को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया। उनके जादू ने बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम के केंद्र बनकर समाज के सभी वर्गों को एक सूत्र में पिरोने का कार्य भी कर रहा है।इस अवसर पर उपस्थित मेयर विकास शर्मा, दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता और मुकेश कुमार ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार







जनसमूह को मनोरंजन, उत्साह और सांस्कृतिक रंगों के अनूठे संगम से सराबोर कर दिया। जैसे-जैसे शाम ढली, मेले की रौनक बढ़ती गई और लोग बंगाल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के साक्षी बने। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बॉलीवुड की सुप्रसिद्ध बंगाली गायिका इमान आयोजन स्थल को एक उत्सवमय माहौल में बदल दिया, जहाँ हर आयु वर्ग के लोग संगीत की धुनों पर थिरकते नजर आए। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से पूर्व मनोरंजन का तड़का लगाने के लिए कोलकाता से आए मशहूर जादूगर एन. सी. सरकार ने अपनी कला का प्रदर्शन दौरान अन्य स्थानीय और आमंत्रित कलाकारों ने भी अपनी कला का प्रदर्शन कर समां बांध दिया। वर्तमान में यह सरस आजीविका मेला न केवल ग्रामीण उत्पादों, हस्तशिल्प और स्वरोजगार को बढ़ावा देने का एक मंच साबित हो रहा है, बल्कि यह सांस्कृतिक एकता का समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति और सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य कर रही है। वक्ताओं ने बंगाली समाज की भावनाओं का सम्मान करने और क्षेत्र के विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का विशेष आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष शक्तिगढ़ सुमित मण्डल, दिलीप अधिकारी, पी डी हिमांशु जोशी, उपजिलाधिकारी ऋचा सिंह, जिला प्रोविजन अधिकारी व्योमा जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, अनेक जनप्रतिनिधि और हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# अपराध मुक्त समाज और पारदर्शी पुलिसिंग प्राथमिकता:गणपति

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस कार्यालय रूद्रपुर में समन्वय गोष्ठी के उपरांत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर अजय गणपति ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए अपनी प्राथमिकताएं गिनाईं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनपद में अपराध मुक्त समाज की स्थापना और पारदर्शी पुलिसिंग उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता रहेगी। मीडिया को पुलिस और जनता के बीच की एक महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए एसएसपी ने कहा कि पुलिस का मुख्य ध्येय केवल अपराध रोकना ही नहीं, बल्कि आम जनमानस के भीतर सुरक्षा का गहरा भाव पैदा करना है। उन्होंने जनपद पुलिस को किसी भी सूचना पर त्वरित रिस्पॉन्स देने और प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश जारी किए हैं।संवाद के दौरान अजय गणपति ने पुलिसिंग को अधिक प्रभावी बनाने के लिए कई




महत्वपूर्ण बिंदुओं को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि थानों में आने वाले प्रत्येक फरियादी की बात संवेदनशीलता से सुनी जाएगी और पीड़ित केंद्रित पुलिसिंग के माध्यम से उन्हें न्याय का अहसास कराया जाएगा। महिला एवं बाल सुरक्षा के मुद्दे पर एसएसपी ने 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाते हुए कहा कि ऐसे अपराधों पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर त्वरित विवेचना की जाएगी। नशे के बढ़ते जाल पर प्रहार करते हुए उन्होंने 'सर्जिकल स्ट्राइक' की चेतावनी दी और कहा कि अब केवल खुदरा विक्रेताओं पर ही नहीं, बल्कि नशा तस्करी के मुख्य सप्लायरों और उनके पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।डिजिटल युग की चुनौतियों को देखते हुए एसएसपी ने साइबर क्राइम रिस्पॉन्स को और अधिक आधुनिक बनाने की बात कही, ताकि साइबर ठगी के शिकार लोगों की जमा पूंजी को समय रहते सुरक्षित किया जा सके। यातायात व्यवस्था पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि जनपद को जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए वैज्ञानिक और सुव्यवस्थित तरीके से प्रबंधन लागू किया जाएगा। इसके साथ ही असामाजिक तत्वों की पहचान के लिए पूरे जनपद में बड़े स्तर पर सघन सत्यापन अभियान चलाया जाएगा। एसएसपी ने कम्युनिटी पुलिसिंग पर जोर देते हुए कहा कि मीडिया सेल को और अधिक सक्रिय किया जाएगा ताकि सूचनाओं का आदान-प्रदान बेहतर हो सके और अपराध नियंत्रण में आम जनता का सक्रिय सहयोग प्राप्त किया जा सके।

# अब थाने-चौकी में नहीं होगी जमीनी विवादों की जांच

रूद्रपुर । काशीपुर में किसान सुखवंत सिंह द्वारा आत्महत्या किए जाने की दुःखद घटना के बाद उपजे सवालों के बीच नवनियुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने कड़ा रुख अपनाया है। कार्यभार संभालने के बाद एसएसपी ने दो टूक स्पष्ट कर दिया है कि अब जनपद में जमीनी विवादों की जांच थाना या चौकी स्तर पर नहीं की जाएगी। ऐसे संवेदनशील मामलों की सीधे क्षेत्राधिकारी (सीओ) स्तर पर जांच की जाएगी, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और किसी भी पक्ष के साथ अन्याय न हो। एसएसपी अजय गणपति ने कहा कि पुलिस का मुख्य ध्येय केवल अपराधों की रोकथाम करना ही नहीं है, बल्कि आम जनमानस के भीतर सुरक्षा और विश्वास का भाव पैदा करना भी है। उन्होंने कहा कि अब जनपद में जनसुनवाई और पीड़ित केंद्रित पुलिसिंग पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। थानों और चौकियों पर आने वाले फरियादियों को अब अनावश्यक चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे और प्रत्येक पीड़ित को न्याय का अहसास कराना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। पुलिस और जनता के बीच की दूरी को कम कर आपसी समन्वय को बढ़ावा दिया जाएगा। एसएसपी ने अपनी अन्य प्राथमिकताओं को साझा करते हुए कहा कि महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर श्जीरो टॉलरेंसश की नीति रहेगी। ऐसे मामलों में तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर त्वरित विवेचना के निर्देश दिए गए हैं। नशे के विरुद्ध अभियान को लेकर उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल खुदरा विक्रेताओं पर ही नहीं, बल्कि नशा तस्करी के मुख्य सप्लायरों के पूरे नेटवर्क को ध्वस्त किया जाएगा।

# आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य विभाग की रीढ: अजय भट्ट

रुद्रपुर। स्थानीय गिल रिसोर्ट में आयोजित आशा सम्मेलन में जनपद की आशा कार्यकर्ताओं की समस्याओं पर व्यापक चर्चा की गई। सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट ने महापौर विकास शर्मा, विधायक शिव अरोरा और भाजपा प्रदेश मंत्री विवेक सक्सेना की मौजूदगी में फीता काटकर और संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सम्मेलन में पहुंचीं आशा कार्यकर्ताओं ने मुख्य अतिथि सहित सभी गणमान्य अतिथियों का पुष्प वर्षा और गुलदस्ता भेंट कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान संगठन की ओर से अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया गया।सम्मेलन के दौरान आशा कार्यकर्ताओं ने अपनी लंबित मांगों और कार्यक्षेत्र में आने वाली व्यवहारिक समस्याओं को प्रमुखता से मंच के माध्यम से अतिथियों के सम्मुख रखा। कार्यकर्ताओं ने मानदेय वृद्धि, बीमा सुरक्षा और स्वास्थ्य केंद्रों पर मिलने वाली सुविधाओं में सुधार की मांग उठाई, जिस पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने गंभीरतापूर्वक विचार और पैरवी करने का आश्वासन दिया।इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अजय भट्ट ने कहा कि आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ हैं। दुर्गम क्षेत्रों से लेकर शहरी बस्तियों तक अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में आपकी भूमिका अतुलनीय है। कोरोना काल में जिस तरह आशा बहनों ने अपनी जान जोखिम में डालकर काम किया, उसे देश कभी नहीं भूल सकता। आपकी जायज मांगों को केंद्र और राज्य सरकार तक मजबूती से पहुंचाया जाएगा

## आशा कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित



ताकि आपको बेहतर कार्य वातावरण मिल सके।महापौर विकास शर्मा ने कहा कि समाज के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने में आशाओं का समर्पण अनुकरणीय है। नगर निगम क्षेत्र के भीतर भी आशा कार्यकर्ताओं को जो भी सहयोग अपेक्षित होगा, उसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। आपकी मेहनत से ही मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी आई है।विधायक शिव अरोरा ने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा से मातृ शक्ति के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध रही है। आशा कार्यकर्ताओं की जो भी स्थानीय या प्रदेश स्तर की समस्याएं हैं, उनके निराकरण के लिए वे स्वयं मुख्यमंत्री से वार्ता करेंगे। हमारी सरकार ने समय-समय पर आशाओं के हित में निर्णय लिए हैं और आगे भी आपके मान-सम्मान का पूरा ध्यान रखा जाएगा।सम्मेलन के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा कार्यकर्ताओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन बी एस बेनवाल द्वारा किया गया। सम्मेलन में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ के. के. अग्रवाल , पीएमएस डॉ राजेश सिंह, भाजपा प्रदेश मंत्री विवेक सक्सेना, मुख्य चिकित्साधिकारी किशोर कुमार अग्रवाल, एसीएमओ एपी सिंह, सांसद प्रतिनिधि डॉ. कपिल शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश पाल, मंडल महामंत्री जितेंद्र संधू, जिला कार्यालय मंत्री मोर सिंह यादव,पार्षद चिराग कालरा, डॉ हरेंद्र मालिक, डॉ एस पी सिंह, डॉ सुधीर गुप्ता, डॉ संजीव सरना, डॉ यादव,डॉ राहुल,डॉ अंजनी, डॉ पी डी गुप्ता, विवेक सक्सेना, कपिल शर्मा, अभिषेक सक्सेना, हिमांशु, चांद मियां, निधि शर्मा, पूरनमल, जावेद, आमिर, माया मण्डल,प्रीती नैययर, सुमित्रा,रानी बिष्ट,कमला बिष्ट,रंजीत कौर,लक्ष्मी पोखरिया सहित विभाग के अधिकारी और भारी संख्या में आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहीं

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## खराब भोजन की शिकायतें

भारतीय रेलवे के बारे में अक्सर यह दावा किया जाता है कि इसके समग्र संचालन को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सेवा के समकक्ष बनाया जाएगा। मगर हकीकत यह है कि हादसों, सफर के दौरान निर्धारित समय पर गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचने से लेकर ट्रेन के भीतर साफ-सफाई और खानपान के मामले में कई बार स्थिति बेहद दयनीय और खराब दिखती है।अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि जिन ट्रेनों को विशेष सुविधा वाला बताया जाता है, उनमें परोसा गया भोजन भी अक्सर खराब निकल जाता है और यात्री ठगे-से रह जाते हैं। खबरों के मुताबिक, हर रोज पैंतीस से ज्यादा लोग रेलवे के खराब खाने को लेकर शिकायत करते हैं।खाने में तिलचट्टा, दूसरे कीड़ों या अखाद्य वस्तुओं के मिलने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। साथ ही, भोजन की मात्रा और तय कीमतों से ज्यादा राशि वसूलने की समस्या भी आम देखी जा सकती है। सवाल है कि अगर उच्च गुणवत्ता और सेवा का दावा करके खाने-पीने के मामले में भी लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है, तो उसे कैसे देखा जाएगा।सफर के दौरान यात्री थोड़ी सुविधा के लिए ट्रेन में मिलने वाला खाना पैसा चुका कर लेना चाहते हैं। कई ट्रेनों में सफर के दौरान टिकट के साथ खाने-पीने के सामान के लिए राशि चुकाने का भी विकल्प है। मगर विडंबना यह है कि पूरी कीमत चुकाने के बावजूद कई लोगों की थाली में ऐसा खाना होता है, जिसे खाया नहीं जा सकता।ट्रेनों में मिलने वाले खराब खाने को लेकर आए दिन शिकायतें आती रहती हैं और कई बार विवाद भी होते हैं। ऐसी खबरें भी सामने आई, जिनमें भोजन के खराब होने पर आपत्ति जताने पर ट्रेन में मौजूद कर्मियों ने यात्री से दुर्व्यवहार किया।खुद सरकार ने पिछले वर्ष जुलाई में राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर में बताया था कि 2024-25 के दौरान खाने-पीने के सामान की खराब गुणवत्ता के संबंध में 6,645 शिकायतें मिलीं। जबकि 2021 से अगले चार वर्षों में रेलवे को इस तरह की कुल 19,174 शिकायतें मिलीं। ऐसे भी मामले होंगे, जिनमें किसी यात्री को खराब भोजन मिला, लेकिन उसने औपचारिक शिकायत नहीं की। हालांकि रेल महकमे में कहने को एक ढांचा है, जिसके तहत गुणवत्ता में सुधार के लिए डिजाइन किए गए रसोई से खाना बनवाने और ट्रेनों तक पहुंचाने से लेकर खाना बनाने पर निगरानी, खाद्य सुरक्षा पर्यवेक्षक की तैनाती और अच्छी सामग्री का उपयोग सुनिश्चित करने का दावा किया जाता है। इसके अलावा, अगर खाने में अस्वच्छता या मिलावट पाई जाती है, खाना खराब हो, तो यात्री शिकायत करते हैं। कई मामलों में कार्रवाई भी होती है, जिसमें जुर्माना लगाना, अनुशासनात्मक कार्रवाई, काउंसलिंग करना और चेतावनी देना शामिल है।

# महाराजा अग्रसेन चौक पर निरंतर जारी है चाय-जलपान प्रसाद सेवा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महाराजा अग्रसेन चौक पर गत 26 जनवरी से अनवरत संचालित चाय-जलपान एवं प्रसाद सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत आज की सेवा का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अग्रवाल युवा संगठन के डायरेक्टर योगेन्द्र जिंदल, तराई मर्चेंट चौम्बर गल्ला मंडी के महामंत्री गौरव सिंघल, काजल सिंघल, काव्या सिंघल, विराज अग्रवाल, दीपक बंसल, मनीष बंसल, आस्था इलेक्ट्रॉनिक के डायरेक्टर अमित गोयल और अजय गोयल उपस्थित रहे। सेवा कार्य का प्रारंभ अग्रवाल युवा संगठन के अध्यक्ष श्रीओम अग्रवाल की उपस्थिति में सभी अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम के विधिवत शुभारंभ से पूर्व सभी अतिथियों ने महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित किया और पुष्प अर्पित कर समाज की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की मंगल कामना की। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने इस पुनीत कार्य की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री एडवोकेट प्रमोद मित्तल के नेतृत्व में यह सेवा कार्य समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने कामना की कि यह सेवा कार्य निरंतर चलता रहे ताकि अधिक से अधिक राहगीरों और जरूरतमंदों को इसका लाभ प्राप्त हो सके। उल्लेखनीय है कि यह प्रसाद सेवा कार्यक्रम एडवोकेट प्रमोद मित्तल के मार्गदर्शन में शहर के समर्पित समाजसेवियों द्वारा जनसेवा की भावना के साथ चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य भीषण ठंड और व्यस्त समय के दौरान आमजन एवं राहगीरों को निःशुल्क जलपान उपलब्ध कराकर सेवा भाव को प्रोत्साहित करना है। आज के सेवा कार्य



को सफल बनाने में कुशल अग्रवाल, जितेंद्र साहनी, रवि अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, राजेश कामरा, अशोक नेगी, एडवोकेट मनीष मित्तल, श्रीओम अग्रवाल, अनुज अग्रवाल और राजीव चावला सहित कई समाजसेवियों का विशेष सहयोग रहा।

# उपाध्यक्ष पद पर मंजू बिष्ट की ऐतिहासिक जीत

देहरादून/गदरपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड लेखपाल संघ के षष्ठम महा अधिवेशन के चुनाव परिणामों ने संगठन के भीतर एक नया इतिहास रच दिया है। उपाध्यक्ष (प्रथम) पद पर मंजू बिष्ट ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 184 मतों के विशाल अंतर से शिकस्त देकर ऐतिहासिक जीत हासिल की। जानकारों के अनुसार, वर्ष 2014 से लेकर अब तक हुए संगठनात्मक चुनावों में यह जीत का सबसे बड़ा आंकड़ा है, जिसने मंजू बिष्ट के बढ़ते प्रभाव और लेखपालों के बीच उनकी गहरी पैठ को साबित कर दिया है। मंजू बिष्ट की इस एकतरफा जीत को संगठन के भीतर उनकी सक्रिय कार्यशैली और लंबे समय से लेखपालों



की समस्याओं के लिए किए गए संघर्षों का परिणाम माना जा रहा है। जैसे ही चुनाव परिणामों की घोषणा हुई, पूरा अधिवेशन स्थल मंजू बिष्ट जिंदाबाद के नारों से गूँज उठा। समर्थकों ने उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया और अबीर-गुलाल उड़ाकर जीत का जश्न मनाया। विभिन्न जनपदों से आए प्रतिनिधियों ने इसे महिला नेतृत्व के सशक्त उदय और सकारात्मक सोच की जीत करार दिया है। अपनी शानदार जीत के बाद मंजू बिष्ट ने सभी लेखपाल साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि प्रदेश के हर उस लेखपाल की जीत है जो संगठन की मजबूती चाहता है। उन्होंने संकल्प लिया कि वे लेखपालों के अधिकारों की रक्षा, पदोन्नति की समस्याओं और अन्य लंबित मांगों को शासन स्तर पर मजबूती से उठाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इतनी बड़ी जीत के बाद संगठन की भावी कार्यप्रणाली और रणनीतियों में मंजू बिष्ट की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होने वाली है। उनकी इस सफलता से न केवल गदरपुर बल्कि पूरे प्रदेश के लेखपाल संवर्ग में हर्ष की लहर है। बधाई देने वालों में संगठन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों सहित विभिन्न जनपदों के प्रतिनिधि शामिल रहे।

# परिवहन विभाग ने सीज किये 24 वाहन

## ओवरलोडिंग और बिना फिटनेस दौड़ रहे 92 वाहनों के चालान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार परिवहन विभाग की टीमों ने रूद्रपुर, पुलभट्टा, सितारगंज, नानकमत्ता और खटीमा क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाकर मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की। मंगलवार को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) रूद्रपुर के नेतृत्व में सचल दल रूद्रपुर, पुलभट्टा और मझोला की संयुक्त टीमों ने क्षेत्र में बिना फिटनेस, बिना टैक्स और ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों की धरपकड़ की। व्यापक चेकिंग अभियान के दौरान कुल 92 वाहनों का चालान किया गया, जिनमें से 24 वाहनों को मौके पर ही सीज कर दिया गया। अभियान के दौरान विशेष रूप से खनन में संलिप्त वाहनों पर पैनी नजर रखी गई। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी रूद्रपुर ने कार्रवाई करते हुए 20 ओवरलोड डंपरों का चालान किया और इनमें से 13 डंपरों





को सीज कर दिया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन नवीन सिंह ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि भारवाहनों में ओवरलोडिंग करने, यातायात नियमों का पालन न करने और बिना वैध प्रपत्रों के सड़क पर दौड़ने वाले वाहनों के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार की कठोर प्रवर्तन कार्रवाई जारी रहेगी।इस बड़े प्रवर्तन अभियान में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन नवीन कुमार सिंह, परिवहन कर अधिकारी गोविन्द सिंह, आशुतोष डिमरी, तारकेन्द्र वैष्णव, परिवहन उप निरीक्षक गोकुल सिंह, मनोज सिंह, परिवहन सहायक निरीक्षक महेंद्र सिंह बोरा, देवेंद्र सिंह, गणेश चंद्र, परिवहन आरक्षी रवि क्वीरा और प्रवर्तन चालक पूरन सिंह शामिल रहे।

# 17 वर्षीय किशोरी लापता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र के अंतर्गत संजय नगर खेड़ा निवासी एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में घर से कहीं चली गई। काफी खोजबीन के बाद भी सुराग न मिलने पर परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। संजय नगर खेड़ा निवासी आरती राय पत्नी कार्तिक राय ने पुलिस को बताया कि उनकी 17 वर्षीय पुत्री रिया 17 फरवरी की सुबह लगभग 10 बजे घर से बिना बताए कहीं निकल गई। जब काफी देर तक वह वापस नहीं लौटी, तो परिजनों को चिंता हुई। पीड़िता ने अपनी पुत्री की तलाश सभी संभावित स्थानों और अपनी रिश्तेदारियों में की, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। गुममाता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से भी किशोरी के हुलिए के आधार पर जानकारी जुटाई जा रही है।

हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एवं वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रुद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि



समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :

आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

# एडीएम ने तहसील दिवस में सुनीं जन समस्याएं

रामनगर (उद संवाददाता)। मंगलवार को तहसील सभागार में आयोजित तहसील दिवस में अपर जिलाधिकारी प्रशासन विवेक राय ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही उनका निस्तारण किया। इस दौरान एडीएम ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जन समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिविर में उप जिलाधिकारी गोपाल चौहान, तहसीलदार मनीषा मारकाना, ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी और ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। तहसील दिवस में 25 से अधिक फरियादियों ने सड़क, पानी, बिजली, अवैध नशे के कारोबार पर रोक, शिक्षा और स्वास्थ्य से संबंधित अपनी समस्याएं रखीं। अधिकांश शिकायतों का मौके पर मौजूद अधिकारियों के माध्यम से तत्काल समाधान कराया गया, जबकि अन्य समस्याओं के निस्तारण के लिए समय सीमा निर्धारित की गई। एडीएम विवेक राय ने सख्त लहजे में कहा कि इन शिविरों का उद्देश्य जनता को कार्यालयों के चक्कर काटने से बचाना है। जो अधिकारी जनता की समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं होंगे, उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।सुनवाई के दौरान एक फरियादी ने शिकायत की कि सिंचाई नहर में कूड़ा डालने के कारण नहर का पानी ओवरफ्लो होकर उनके खेतों में घुस गया, जिससे



गेहूं की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एडीएम ने मौके पर मौजूद सिंचाई विभाग और नगर पालिका के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई।

# नवाबगंज गुरुद्वारे में सजा अमावस का दीवान

गदरपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र के ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंदसर नवाबगंज में अमावस के उपलक्ष्य में भारी दीवान सजाया गया। इस धार्मिक समागम में गुरुद्वारा सुधार लहर के दौरान श्री ननकाना साहिब (पाकिस्तान) में हुए खूनी साके के शहीदों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। समागम का शुभारंभ श्री अखंड पाठ साहब के भोग के उपरांत हुआ, जिसके बाद भाई हरजीत सिंह ने मधुर गुरबाणी कीर्तन से संगत को निहाल किया। इस अवसर पर कविश्री जत्था भाई सतनाम सिंह शौंकी ने श्री ननकाना साहिब के शहीदी साके का हृदयस्पर्शी वर्णन किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार भ्रष्ट महंत नारायण दास ने अंग्रेजी हुकूमत की शह पर श्री गुरु नानक देव जी की जन्म स्थली पर कब्जा कर रखा था और शांतिपूर्ण ढंग से श्सतनाम वाहेगुरु श्का जाप कर रही लगभग 200 से अधिक सिख संगत को तेजधार हथियारों से शहीद



कर दिया था। उन्होंने बताया कि इस महान शहादत के बाद ही सिखों के कड़े रोष को देखते हुए गुरुद्वारा साहिब का प्रबंध पंथक हाथों में सौंपा गया था।कथावाचक भाई जसवीर सिंह, हरविंदर सिंह, नरेंद्र सिंह और भाई बलविंदर सिंह के जत्थे ने गुरबाणी कथा के माध्यम से सिख इतिहास के विभिन्न महत्वपूर्ण पक्षों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का कुशल संचालन कर्मजीत सिंह द्वारा किया गया। गुरुद्वारा साहिब के मुख्य सेवादार वीर अनूप सिंह ने समस्त संगत का आभार प्रकट करते हुए आगामी कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि आगामी 27 और 28 फरवरी को उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश की संगत के लिए भाई अमरीक सिंह के जत्थे द्वारा सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक विशेष सत्संग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने क्षेत्र की संगत से अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर गुरु की खुशियां प्राप्त करने का आह्वान किया है।

# ग्रामीण किसानों को दी आत्मनिर्भर बनने की सीख

## प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य पालन को एकीकृत रूप से अपनाकर बेहतर आय अर्जित करने की विस्तृत जानकारी दी







बागेश्वर(उद संवाददाता)। विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, अल्मोड़ा के कृषि विज्ञान केन्द्र, काफलीगैर में नौ से 16 फरवरी तक ग्रामीण युवाओं हेतु सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का विषय ''पर्वतीय क्षेत्र में मशरूम एवं मधुमक्खी पालन आधारित एकीकृत कृषि प्रणाली को बढ़ावा देते हुए पर्वतीय क्षेत्रों के ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगारोन्मुख बनाते हुए एकीकृत कृषि प्रणाली के माध्यम से आय में वृद्धि के अवसर प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य पालन को एकीकृत रूप से अपनाकर बेहतर आय अर्जित करने की विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में पगना, औखलीसिरोद, जाँठा, झिरौली बिलौना, भटखोला आदि गांव के कुल 25 किसानों ने प्रतिभाग किया। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डा. राज कुमार ने संरक्षित वातावरण में सब्जी उत्पादन एवं फलों संबंधी जानकारी दी, विषय वस्तु विशेषज्ञ डा. नवल किशोर सिंह ने पर्वतीय क्षेत्रों में डेयरी व्यवसाय, मुर्गी पालन, बकरी पालन, प्राकृतिक खेती एवं चारा उत्पादन के विषय पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। प्रशिक्षण समन्वयक एवं विषय वस्तु विशेषज्ञ हरीश चन्द्र जोशी ने कीट एवं रोग प्रबंधन, मशरूम उत्पादन एवं मधुमक्खी पालन विषय पर जानकारी दी। विषय वस्तु विशेषज्ञ डा. अमित कुमार ने किसानों को वैज्ञानिक सलाह के अनुसार उन्नत बीज, संतुलित उर्वरक प्रयोग, जल संरक्षण तकनीकों एवं कृषि यंत्रों के उपयोग को अपनाने की सलाह दी। प्रशिक्षण के दौरान कृषि विभाग से डा. दीपक पाण्डे एवं उप-परियोजना निदेशक,आत्मा के धीरज बिष्ट द्वारा कृषि विभाग एवं आतमा परियोजना संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर अतिथि व्याख्यान प्रदान किए गए। उन्होंने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं, अनुदान, सब्सिडी एवं स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी देते हुए युवाओं को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत भ्रमण कार्यक्रम में प्रगतिशील पालड़ीबगड़ और विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, हवालबाग के कृषि क्षेत्र में भ्रमण कराया गया, जहाँ उन्हें परिसर में विकसित बागवानी मॉडल, मधुमक्खी पालन इकाई तथा समेकित कृषि णाली के सफल संचालन की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही प्रतिभागियों को वैज्ञानिकों द्वारा जल संरक्षण तकनीकों, उन्नत मशरूम उत्पादन इकाई, कृषि यंत्रों के उपयोग, सब्जी उत्पादन की वैज्ञानिक विधियों तथा प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन पर विस्तृत व्याख्यान दिए गए। प्रतिभागियों ने आधुनिक तकनीकों को प्रत्यक्ष रूप से देखा एवं समझा, जिससे उन्हें व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रगतिशील कृषक मनोज भरड़ा ग्राम कन्स्यारी, गरूड़ द्वारा पशुपालन एवं मत्स्य पालन की उन्नत तकीनकों की जानकारी दी गई। उन्होंने कम लागत में अधिक उत्पादन, चारा प्रबंधन, तालाब प्रबंधन एवं आय के विविधीकरण के उपायों पर विषेश बल दिया। साथ ही किसानों को कौसानी के चाय बागान में ले जाया गया, जहाँ पर्वतीय क्षेत्र में चाय उत्पादन, प्रसंस्करण एवं विपणन की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के समारोह दिवस के अंतिम दिन मुख्य अतिथि भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक राकेश मोहन द्वारा किसानों को विभिन्न ऋण योजनाओं, केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड), स्वयं सहायता समूह, स्टार्टअप एवं स्वरोजगार हेतु उपलब्ध बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी दी गई। राइका काफलीगैर के प्रवक्ता संजय सिंह जनौटी द्वारा युवाओं को कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं स्वरोजगार के अवसरों पर विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि आधुनिक कृषि में तकनीकी ज्ञान एवं मशीनरी का सही उपयोग आय बढ़ानें में सहायक सिद्ध होता है। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इस प्रषिक्षण से उन्हें व्यवहारिक एवं वैज्ञानिक जानकारी प्राप्त हुई, जो उनके भविष्य के लिए लाभकारी सिद्ध होगी। कार्यक्रम के सफल संचालन में नीरज जोशी, मनोज कुमार, डा. राजेश कुमार मीणा, महेश कार्की, सौरभ सिंह राजेन्द्र सिंह एवं बहादुर सिंह का विषेश योगदान रहा।

# अल्मोड़ा में कुमाऊ कमिश्नर ने की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

## पिंक ई रिक्शा योजना, सखी बाजार आदि योजनाओं को सराहा



अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। यहां पहुंचे कुमाऊ आयुक्त दीपक रावत ने मंगलवार को जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने जिला योजना, राज्य योजना और केंद्र पोषित योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक में कुमाऊ आयुक्त रावत ने निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाए। कहा कि विकास कार्यों में अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी और प्रत्येक विभाग लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करे। वहीं, जनपद में संचालित निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, समय-सीमा तथा वित्तीय प्रगति की समीक्षा करते हुए सड़क सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, लंबित सड़क परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने, यातायात सुगमता के लिए प्रस्तावित पार्किंग निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय राजमार्गों से संबंधित कार्यों की प्रगति पर भी विशेष ध्यान देते हुए संबंधित अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने को कहा गया। मुख्यमंत्री घोषणाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने आदि के भी निर्देश दिए। यहां डीएम अंशुल सिंह, एसएसपी चंद्रशेखर आर घोड़के, सीडीओ रामजी शरण शर्मा, डीएफओ दीपक सिंह आदि मौजूद रहे। बैठक में पुलिस विभाग द्वारा की जा रही गतिविधियों की भी समीक्षा की गई। आयुक्त ने अपराध पर अंकुश लगाने और लोगों के लिए सुरक्षित और निर्भय वातावरण तैयार करने के लिए निर्देशित किया। कहा कि नशे और मादक पदार्थों की चेन को तोड़ते हुए जनपद को नशा मुक्त बनाए जाने पर गंभीरता से कार्य किया जाए। वहीं, कुमाऊ कमिश्नर ने जनपद में संचालित पिंक ई रिक्शा योजना, सखी बाजार, नशा मुक्ति केंद्र, गोवंशों के लिए कन्हावन योजना और शिक्षा स्वयंसेवक योजनाओं जैसी पहलों की सराहना की।

# अल्मोड़ा कोर्ट को भी बम से उड़ाने की मिली धमकी

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। नैनीताल और उत्तरकाशी के बाद अब अल्मोड़ा जिला कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मंगलवार को मिले मेल के बाद कोर्ट में हड़कंप मच गया। सूचना के बाद मौके पर बम निरोधक दस्ते के साथ भारी संख्या में पुलिस बल पहुंची। हालांकि बम की धमकी अफवाह मिली। मंगलवार



को अल्मोड़ा कोर्ट में धमकी भरे ई-मेल की सूचना पर हड़कंप मच गया। जानकारी मिलते ही एडिशनल एसपी हरबंस सिंह के नेतृत्व में बम स्कोट समेत पुलिस बल मौके पर पहुंची। कोर्ट परिसर के कोने-कोने की जांच की गई। साथ ही परिसर के आसपास भी गहन छानबीन की गई। लेकिन टीम को कुछ भी हाथ नहीं लगा। जिसके बाद कोर्ट प्रशासन समेत अधिवक्ताओं ने राहत की सांस ली। इधर, सीओ बीएस भंडारी ने बताया कि जिला न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी का मेल आया है। इस पर टीम ने न्यायालय और परिसर की गहनता से छानबीन की। कहीं भी कुछ नहीं मिला। मॉकड्रिल कर सुरक्षाकर्मियों को अलर्ट रहने को कहा गया है।

## पेज एक का शेष...

**खेलों में उत्तराखंड...**आज हम देख रहे हैं कि प्रदेश का युवा नशे की लत को छोड़कर मैदानों की ओर रुख कर रहा है। खेलों से जुड़कर युवा न केवल शारीरिक रूप से मजबूत हो रहे हैं, बल्कि अनुशासन भी सीख रहे हैं। हमारा लक्ष्य स्पष्ट है उत्तराखण्ड को खेल की दुनिया में एक मॉडल स्टेट बनाना। हम खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति, आधुनिक प्रशिक्षण और अंतरराष्ट्रीय स्तर के कोच उपलब्ध करा रहे हैं। मैं सभी विजेताओं को बधाई देता हूँ और जो पीछे रह गए, उनसे कहना चाहता हूँ कि यह अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत है। हार से सीखें और दुगनी ऊर्जा से मैदान में लौटें। मुख्यमंत्री धामी ने युवाओं का आह्वान किया कि वे नशामुक्त उत्तराखण्ड के संकल्प को पूरा करने में खेलों को अपना माध्यम बनाएं। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश का युवा खेलों से अधिक से अधिक जुड़ रहा है, जो राज्य के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है।

**अब देहरादून कोर्ट को ...**गया। डॉग स्क्वायड और खुफिया एजेंसियों ने कोर्ट के चप्पे-चप्पे की सघन तलाशी ली। गौरतलब है कि उत्तराखंड के न्यायालयों को बम से उड़ाने की धमकियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इससे पहले नैनीताल जिला न्यायालय, रूद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, टिहरी गढ़वाल और अल्मोड़ा कोर्ट को भी इसी तरह बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। राहत की बात यह है कि अब तक मिली ये सभी धमकियां और घोषणाएं पूरी तरह फर्जी निकली हैं और जांच में कहीं भी कोई विस्फोटक या संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है। सोमवार को उत्तरकाशी और नैनीताल न्यायालय में ऐसी ही धमकियों के बाद सुरक्षा बढ़ाई गई थी। बार-बार मिल रही इन फर्जी धमकियों को देखते हुए पुलिस इसे असामाजिक तत्वों की सोची-समझी शरारत मान रही है, फिलहाल, साइबर सेल इन मेल के स्रोत की गहनता से जांच कर रही है ताकि फर्जी सूचना फैलाने वालों को बेनकाब किया जा सके।

**आईएएसडी की ...**जांच की, जिसमें उसकी वास्तविक उम्र मात्र 15 वर्ष 11 माह पाई गई। उम्र की पुष्टि होने के बाद टीम ने वैवाहिक रस्मों को पूरी तरह बंद करा दिया।बाल कल्याण समिति के निर्देशानुसार, आईएसडी टीम और महिला उप निरीक्षक सीमा ने बालिका को अग्रिम कार्यवाही हेतु वन स्टॉप सेंटर में दाखिल कराया। अब दूल्हा और दुल्हन दोनों के परिजनों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। परियोजना निदेशक बिंदुवासिनी ने क्षेत्र के प्रधान अमन कश्यप, बैंड संचालकों और कैटरर्स से भी अपील की है कि वे किसी भी वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि दूल्हा और दुल्हन बालिग हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि बाल विवाह कानूनन अपराध है और इसमें शामिल सभी पक्षों पर कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

**बेकाबू टक पलटा...**मौके पर पहुँची। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों वाहनों में लगी आग पर काबू पाया। पुलिस ने बताया कि जिस कार (ब्रेजा) पर ट्रक पलटा, वह भगवानपुर निवासी एक व्यक्ति की थी जो मंगलवार रात किसी काम से देहरादून आए थे और होटल में रुके थे। कार खाली खड़ी थी, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया और कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस के मुताबिक, घायल ट्रक चालक अभी बेहोशी की हालत में है, जिसके कारण उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। ट्रक की आरसी में दर्ज मोबाइल नंबर बंद आ रहा है, जिससे उसके परिजनों या मालिक से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को क्रेन की मदद से सड़क से हटाकर यातायात सुचारू कर दिया गया है।

**बिजली चोरी पकड़ने...**रही थीं। इन शिकायतों के आधार पर बुधवार सुबह विभाग की विजिलेंस टीम सूचना को पुख्ता करने और छापेमारी के लिए गांव पहुंची थी। सात से आठ कर्मचारियों वाली इस टीम ने जैसे ही घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के बिजली कनेक्शनों की जांच शुरू की, स्थानीय युवकों ने इसका कड़ा विरोध करना शुरू कर दिया। देखते ही देखते विरोध ने उग्र रूप ले लिया और ग्रामीणों ने टीम को चारों ओर से घेर लिया।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, गांव में चेकिंग को लेकर अफवाह फैल गई, जिससे लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। भीड़ ने कर्मचारियों के साथ धक्का-मुक्की की और उन पर हमला बोल दिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए विजिलेंस टीम ने तुरंत उच्चाधिकारियों और स्थानीय पुलिस को सूचित किया। पथरी थानाध्यक्ष मनोज नौटियाल ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। फिलहाल विजिलेंस टीम की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गांव में पुलिस और पीएसी तैनात है। पुलिस हमलावरों की पहचान कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

**फर्जी आधार और पैन...** बेचता था। पुलिस ने जनसेवा केंद्र से एक कलर प्रिंटर, मॉनिटर, सीपीयू, कीबोर्ड, बायोमैट्रिक फिंगरप्रिंट स्कैनर और एक पोको कंपनी का मोबाइल फोन जब्त किया है, जिसमें फर्जी दस्तावेज तैयार किए जाते थे। बरामदगी की सूची में 42 आधार कार्ड (2 कूटरचित), 55 पैन कार्ड (1 कूटरचित),9 हाईस्कूल की अंक तालिकाएं (8 कूटरचित छायाप्रतियां), 11 फोटो पेपर शीट और 9 हजार रुपये की नकदी शामिल है। तलाशी के दौरान कंप्यूटर की स्क्रीन पर भी फर्जी अंकतालिकाओं की प्रतियां प्रदर्शित हो रही थीं। अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि सिडकुल की कंपनियों में भर्ती के लिए स्थानीय दस्तावेजों की मांग की जाती है, जिसका फायदा उठाकर वह लंबे समय से यह अवैध धंधा कर रहा था। आरोपी के पास जनसेवा केंद्र चलाने का कोई वैध लाइसेंस या दस्तावेज भी नहीं मिले। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(2), 336(3), 338 और 340(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। कार्यवाही के दौरान मौके की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी कर ई-साक्ष्य ऐप के माध्यम से साक्ष्य सुरक्षित किए गए हैं। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक विपिन जोशी, कृष्ण गोपाल मठपाल, अकरम अहमद और अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

**राजस्व गांव के लिए...**तैयारी चल रही थी। आंदोलन की व्यापकता को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह अलर्ट मोड पर है और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। भारी भीड़ के चलते लालकुआं-बिंदुखत्ता मार्ग पर यातायात व्यवस्था को सुचारू रखना पुलिस के लिए चुनौती बना रहा।

# उत्कृष्ट बुनकरों और लघु उद्यमियों को मिलेगा जिला व राज्य स्तरीय पुरस्कार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महाप्रबंधक उद्योग विपिन कुमार ने बताया कि जनपद के हथकरघा बुनकरों, हस्तशिल्पियों तथा लघु उद्यमियों को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए उनके उत्पादों की उत्कृष्टता के आधार पर पुरस्कृत किया जाना है। यह पुरस्कार जिला और राज्य स्तर पर दिए जाएंगे, जिनका चयन शासन द्वारा गठित विशेष समिति करेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस योजना के लिए वही बुनकर और हस्तशिल्पी पात्र होंगे जो उद्योग निदेशालय उत्तराखण्ड या भारत सरकार के विकास आयुक्त हथकरघा व हस्तशिल्प के अधीन पंजीकृत हैं। इसके अलावा राज्य के अंतर्गत पंजीकृत हस्तकला व हथकरघा के निजी दस्तकार, सहकारी समितियां तथा गैर सरकारी संस्थानों के सदस्य भी आवेदन कर सकते हैं। शर्त यह है कि संबंधित व्यक्ति या संस्था किसी भी बैंक या विभाग की डिफॉल्टर न हो।लघु उद्योगों के संबंध में जानकारी देते हुए विपिन कुमार ने बताया कि ऐसी इकाइयां जो पिछले तीन वर्षों से निरंतर उत्पादन कर रही हैं और जिनका ऑडिट बैलेंस शीट उपलब्ध है, वे इस पुरस्कार की पात्र होंगी। आवेदन के लिए इच्छुक उद्यमी और हस्तशिल्पी किसी भी कार्य दिवस में जिला उद्योग केंद्र रूद्रपुर या राजकीय डिजाइन सेंटर काशीपुर से निर्धारित प्रारूप प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ 50 रुपये का डिमांड ड्राफ्ट, जो महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र उधमसिंह नगर के पक्ष में देय होगा, जमा करना अनिवार्य है। इसके साथ ही आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति और पासपोर्ट साइज फोटो संलग्न कर अपना उत्पाद भी प्रस्तुत करना होगा। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 25 फरवरी 2026 की शाम 5 बजे तक निर्धारित की गई है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 'चार दिन' भी बरकरार नहीं रह पाई 'त्रिशूल चौक की चकाचौंध'

## उद्घाटन के दो दिन बाद ही अंधेरे में डूबा त्रिशूल चौक,इंदिरा चौक में स्थापित त्रिशूल के सामने लगाई गई गोल्डन लाइट बंद होने से गायब हुई त्रिशूल की स्वर्णिम आभा

-अर्श-

रुद्रपुर। सरकारी कार्य प्रणाली की भर्रेशाही का जीता जागता नमूना देखना हो तो कोई व्यक्ति शहर के त्रिशूल चौक (पहले का इंदिरा चौक) में जा सकता है,जहां बीती चौदह तारीख को बड़े ही धूम धड़ाके के साथ स्थापित किया गया विशालकाय त्रिशूल अब पूरी तरह अंधकार में डूबा हुआ है और स्थापना के समय त्रिशूल से निकलने वाली स्वर्णिम आभा के फिलहाल कहीं दर्शन नहीं हो रहे हैं। लिहाजा, रुद्रपुर शहर में सनातनी वैभव को दर्शित करने के उद्देश्य से बनाया गया भाव त्रिशूल चौक उद्घाटन के तीन रोज बाद ही चार दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात वाली कहावत को पूरी तरह चरितार्थ करने लगा है । याद दिलाना होगा कि अभी चौदह फरवरी को ही उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट, रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा तथा रुद्रपुर मेयर विकास शर्मा एवं भारतीय जनता पार्टी के तमाम छोटे बड़े नेताओं की मौजूदगी में, अब से पहले के इंदिरा चौक और वर्तमान के त्रिशूल चौक में स्थापित विशाल त्रिशूल का एक भव्य कार्यक्रम में उद्घाटन किया था। उद्घाटन के बाद त्रिशूल चौक की भव्यता देखते ही बनती थी, विशेष कर रात के अंधेरे में सुनहरी रोशनी से नहाए स्वर्णिम रंग के त्रिशूल से निकलने वाली स्वर्णिम आभा देखने वाले को पूरी तरह अभिभूत कर देती थी ,लेकिन सरकारी उदासीनता का नमूना



तो देखिए कि उद्घाटन स्थल से मुख्यमंत्री धामी की कार के पहियों के निशान पूरी तरह मिटने से पहले ही, उन सभी सरकारी अधिकारियों- कर्मचारियों, जिन्होंने त्रिशूल चौक को भव्यता प्रदान करने में दिन-रात पसीना बहाया था, ने त्रिशूल चौक से आंखें फेर ली। इसके अलावा त्रिशूल चौक के उद्घाटन के बाद त्रिशूल के समक्ष खड़े होकर सेल्फी लेने वाले लोगों हुजूम भी अब मौके से पूरी तरह नदारद है। शहर के सेल्फी प्रेमियों के उत्साह एवं जुनून का गिलास में डाली गई बियर के झाग की मानिंद रोज- दो-रोज में ही बैठ जाना हालांकि अचरज में नहीं डालता, क्योंकि सेल्फी प्रेमियों के लिए इस समय शहर के गांधी पार्क में भी सेल्फी लेने के पर्याप्त अवसर मौजूद हैं, मगर लाखों रुपए से निर्मित किसी महत्वपूर्ण संरचना की, उद्घाटन के तीन रोज बाद ही प्रशासन के स्तर पर ऐसी उपेक्षा आश्चर्य में डालने के साथ-साथ तनिक पीड़ा देने वाली भी है। बताने की जरूरत नहीं कि नवनिर्मित त्रिशूल चौक की भव्यता रात में ही पूरी तरह नजर आती है और इसमें त्रिशूल चौक के चारों तरफ लगाई गई फैंसी लाइटों तथा त्रिशूल के समक्ष लगाई गई गोल्डन लाइटों का विशेष योगदान रहता है। इसलिए त्रिशूल चौक पर ऐसे इंतजाम किए जाने आवश्यक हैं। जिससे बिजली गुल होने अथवा आंधी- अंधड़ की स्थिति में भी त्रिशूल चौक की बिजली बदस्तूर जलती रहे। चौबीस घंटे ना सही, पर शाम ढलने के बाद तो त्रिशूल चौक का लाइट सिस्टम चाक चौबंद तरीके से काम करना ही चाहिए।

# एसएसपी ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

## कहा-पीड़ितों की तत्काल सुनवाई और महिला सुरक्षा सर्वोपरि

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जनपद के नवनियुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात पुलिस कार्यालय में जनपद के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ प्रथम समन्वय गोष्ठी आयोजित की। कार्यभार संभालते ही एसएसपी ने अपनी कार्यशैली और प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए दो टूक कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की बात पूरी संवेदनशीलता के साथ सुनी जाए और जनसुनवाई व पीड़ित केंद्रित पुलिसिंग पर विशेष जोर दिया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि थानों और चौकियों पर आने वाले व्यक्तियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित हो ताकि जनता का पुलिस पर विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो सके। एसएसपी ने महिला सुरक्षा के मुद्दे पर कड़ा रुख अख्तियार करते हुए जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों में बिना किसी देरी के त्वरित और कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाए। नशे के बढ़ते कारोबार को जड़ से मिटाने के लिए उन्होंने ड्रग तस्करों के नेटवर्क को ध्वस्त करने और युवाओं को इस दलदल से बचाने हेतु प्रभावी अंकुश लगाने की रणनीति साझा की। इसके साथ ही बढ़ते डिजिटल अपराधों को देखते हुए साइबर सेल और थानों को निर्देशित किया गया कि साइबर ठगी के मामलों में तत्काल रिस्पांस दिया जाए और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अपराधियों की धरपकड़ तेज की जाए। शहर की यातायात व्यवस्था को लेकर अजय गणपति ने संबंधित अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से काम करने के निर्देश दिए ताकि सड़कों को जाम मुक्त और सुव्यवस्थित बनाया जा सके। जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से उन्होंने संदिग्ध व्यक्तियों और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध व्यापक स्तर पर सत्यापन अभियान चलाने के आदेश दिए। एसएसपी ने कहा कि बाहरी व संदिग्ध लोगों की पहचान पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने जनपद पुलिस को किसी भी सूचना पर त्वरित रिस्पॉन्स देने और प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु कड़े निर्देश जारी किए हैं, जिससे आम जनमानस के भीतर सुरक्षा का भाव पैदा हो सके।



# सरस मेले में पूर्वांचल नाईट कल, कोश्यारी होंगे मुख्य अतिथि

रूद्रपुर। गांधी पार्क में आयोजित सरस आजीविका मेला एवं यूएस नगर कार्निवल अपनी सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। मेले के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए महापौर विकास शर्मा ने बताया कि कल, 19 फरवरी बृहस्पतिवार को आयोजित होने वाली सांस्कृतिक संध्या में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होंगे। वे शाम 7 बजे दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक संध्या का विधिवत शुभारम्भ करेंगे। बृहस्पतिवार की शाम विशेष रूप से 'पूर्वांचल बालीवुड नाइट' के नाम रहेगी, जिसमें पूर्वांचल की लोक संस्कृति और संगीत का तड़का लगेगा। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण पूर्वांचल के सुप्रसिद्ध कलाकार रूपेश मिश्रा और उत्तराखंड की लोकप्रिय स्टार श्वेता मेहरा होंगी। दोनों कलाकारों की जुगलबंदी और उनके ऊर्जावान गीतों से दर्शकों का मनोरंजन किया जाएगा। इनके अलावा कई अन्य स्थानीय और आमंत्रित कलाकार भी मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस विशेष शाम को यादगार बनाने के लिए कई अन्य विशिष्ट अतिथियों को भी आमंत्रित किया गया है जो कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। महापौर विकास शर्मा ने बताया कि 14 फरवरी से शुरू हुआ यह मेला 23 फरवरी तक जारी रहेगा, जिसमें प्रतिदिन अलग-अलग संस्कृतियों पर आधारित कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया जा रहा है। महापौर ने क्षेत्र की जनता से पूर्वांचल नाइट के अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में गांधी पार्क पहुँचकर कलाकारों का उत्साहवर्धन करने और मेले का आनंद लेने का आह्वान किया है।








# सल्ट में 18 किलो गांजे के साथ तीन गिरफ्तार

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत पुलिस का जिलेभर में चेकिंग अभियान जारी है। चेकिंग के दौरान सल्ट पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने तीन दो युवको को गांजे के साथ दबोचा लिया। आरोपियों के कब्जे से कुल 18.350 किलो गांजा बरामद की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार सल्ट पुलिस और एसओजी की टीम ने क्षेत्र के पास चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के पास एक कबाड़ से भरी पिकअप वाहन संख्या यूके 19 सीए 0992 को रोका गया। तलाशी लेने पर वाहन में सवार गुलजार पुत्र अफसर अली निवासी, एचपी गोदाम टांडा रामनगर, नासिर हुसैन वर्ष पुत्र मजर हुसैन, निवासी ग्राम पूछडी, रामनगर और मोहम्मद आजम पुत्र निजामुद्दीन, निवासी ठाकुरद्वारा मुरादाबाद यूपी के कब्जे से 18. 350 किलो गांजा बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर गांजे को सील कर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर दोनों युवकों को गिरफ्तार किया। टीम में थानाध्यक्ष कश्मीर सिंह, एसओजी प्रभारी सुनील धानिक, एएसआई दीवान सिंह बिष्ट, हेड कांस्टेबल अवधेश कुमार, कांस्टेबल नरेन्द्र सिंह, राकेश खेतवाल, रविंद्र कम्बोज शामिल रहे।



# वरिष्ठ भाजपा नेता अजय तिवारी ने सुख समृद्धि के लिए कराया सुंदरकांड पाठ

किच्छा (उद संवाददाता)। पंतनगरख्रकिच्छा विधानसभा क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना को लेकर वरिष्ठ भाजपा नेता अजय तिवारी द्वारा लिए गए 108 सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ के संकल्प के क्रम में मंगलवार को गोकुल नगर स्थित शिव मंदिर में सुंदरकांड पाठ का एक और धार्मिक आयोजन संपन्न कराया गया। इस अवसर पर शिव मंदिर गोकुल नगर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए और श्रद्धा भाव के साथ सुंदरकांड पाठ में सहभागिता कर क्षेत्र की शांति, समृद्धि और कल्याण की कामना की। सामूहिक पाठ और भक्ति वातावरण के बीच मंदिर परिसर जय श्रीराम के जयघोष से गूंजता रहा, जिससे पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो उठा। अजय तिवारी ने बताया कि 108 सुंदरकांड पाठ का यह क्रम आगे भी जारी रहेगा और निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पंतनगर किच्छा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार को सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जाता रहेगा। उन्होंने कहा कि इस धार्मिक अनुष्ठान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में शांति और जन-कल्याण की भावना को सुदृढ़ करना है, जिसमें स्थानीय जनता का भरपूर सहयोग और स्नेह मिल रहा है।

